CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 19° C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 1 जून 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 133 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 | 14 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हुगली में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमले की अखिलेश यादव ने की निंदा पेज 2



सात्विक-चिराग पहली बार बने सिंगापुर ओपन के विजेता खेल टाइम्स



छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं सम्पादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्या प्रताप हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में 17 वर्षीय सूर्या प्रताप चौहान की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी एवं 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश असद पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह कार्रवाई खोडा थाना और इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस उपायुक्त ( नगर/ट्रांस हिंडन/मुख्यालय ) धवल जायसवाल ने रविवार को बताया कि सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड में वांछित चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी असद को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने गोली चला दी। इसके बाद पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसे उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

### उच्च क्षमता वाले बम का सफल परीक्षण

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला के रामगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला ( टीबीआरएल ) क्षेत्र में रविवार को उच्च क्षमता वाले बम का परीक्षण किया गया। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने पहले ही आसपास के गांवों के लिए परामर्श जारी कर दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह करीब 11:30 बजे हुए परीक्षण के दौरान जोरदार धमाका हुआ, जिसकी आवाज लगभग 6 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

### ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम व मणिपुर में एसआईआर शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के तीसरे चरण के तहत गणना चरण शुरू कर दिया है। आयोग द्वारा बताया गया कि इन चार राज्यों में यह अभियान 30 मई से शुरू हो चुका है। जिन पात्र मतदाताओं के फॉर्म 28 जून या उससे पहले अधिकारी के पास जमा हो जाएंगे, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

# जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने नए सीडीएस का पदभार संभाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा

**नई दिल्ली।** जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें पाकिस्तान और चीन के मामलों का बड़ा विशेषज्ञ माना जाता है। उनका मुख्य उद्देश्य महत्वाकांक्षी मिलिट्री थिएटरेशन (सैन्य थिएटराइजेशन) योजना को लागू करना और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना है।

उन्होंने जनरल अनिल चौहान की जगह ली है। जनरल सुब्रमणि ने अपने पूर्ववर्तियों, दिवंगत जनरल बिपिन रावत और जनरल अनिल चौहान के शानदार नेतृत्व और योगदान के प्रति आभार जताया। जनरल चौहान शनिवार को देश के सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हुए। जनरल सुब्रमणि इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) में सैन्य सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। वह पिछले साल 31 जुलाई को थलसेना के उप प्रमुख के पद से रिटायर हुए थे। पद संभालने के बाद जनरल सुब्रमणि ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य ध्यान सशस्त्र बलों के बदलाव और संगठनात्मक सुधारों पर होगा। वह प्रधानमंत्री के 'जेएआई' विजन यानी जाइंटनेस (तालमेल), आत्मनिर्भरता और इनोवेशन (नवाचार) को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों की ट्रेनिंग और उनका कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। जनरल सुब्रमणि ने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का मुख्य आधार है। वह सेना में स्वदेशी हथियारों के विकास और उन्हें शामिल करने के काम में तेजी लाएंगे। आधुनिकीकरण के लिए सेना, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, स्टार्टअप और रिसर्च क्षेत्र के बीच सहयोग बढ़ाया जाएगा।

## एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बने नए नौसेना प्रमुख



■ एडमिरल त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से हो गए थे रिटायर

**नई दिल्ली।** एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारतीय नौसेना के नए प्रमुख के रूप में 31 मई को अपना कार्यभार संभाल लिया।

पद संभालने के बाद उन्हें साउथ ब्लॉक परिसर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके साथ ही वे भारतीय नौसेना के 27वें नौसेना प्रमुख बन गए हैं। दूसरी तरफ, निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को अपनी सेवा से रिटायर हो गए।

## यूपी के स्थायी DGP बने राजीव कृष्णा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को लंबे इंतजार के बाद अपना पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। वर्तमान में कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को प्रदेश का पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर मंथन पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी को ही पूर्णकालिक डीजीपी बनाए जाने पर मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यूपी को चार साल बाद स्थायी डीजीपी मिल गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यूपीएससी ने 26 मई को हुई बैठक के बाद 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा तथा 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण के नामों का पैनल प्रदेश सरकार को भेजा है। इनमें राजीव कृष्ण का नाम सबसे मजबूत माना जा रहा था। आखिरकार मुख्यमंत्री योगी ने भी उनके नाम पर मंजूरी दे दी। राजीव कृष्ण एक जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे।

# बेंगलुरु लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन



■ गुजरात को 5 विकेट से हराया, विराट कोहली का पचासा, छक्का लगाकर दिलाई आरसीबी को जीत

**अहमदाबाद।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया।

पिछले सीजन में पंजाब किंग्स को हराकर टीम पहली बार चैंपियन बनी आरसीबी ने इस बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए नया इतिहास रच दिया। रविवार को अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। गुजरात के लिए वाशिंगटन सुंदर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 156 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत संतुलित रही। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए अर्धशतक लगाया और टीम की जीत की नींव रखी। कोहली ने छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। विराट कोहली ने एक बार फिर साबित किया कि जब बड़े मंच पर प्रदर्शन की बात आती है, तो वह सबसे आगे रहते हैं। कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए दमदार पारी खेली। कोहली ने आईपीएल का अपना सबसे तेज पचासा लगाया और आरसीबी को लगातार दूसरी बार खिताब दिलाया। आरसीबी ने 18 ओवर में पांच विकेट खोकर 161 रन बनाए और मुकाबला जीत लिया।

# राहुल ने की CBSE स्टूडेंट्स से बातचीत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ स्टूडेंट्स बोले: केंद्र सरकार और सीबीएसई से सवाल किए, तो एंटी-नेशनल और आतंकी कहा गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई 12वीं क्लास के छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्रों से बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और ऑन- स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) में गड़बड़ियों को लेकर केंद्र पर निशाना साधा।

वीडियो में राहुल ने छात्रों से उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स ने सीबीएसई और मोदी सरकार से सिर्फ कुछ आसान सवाल पूछे थे, लेकिन जवाब के बजाय उनका अपमान किया गया। उन्हें एंटी-नेशनल, जासूस और आतंकवाद जैसे नाम दिए गए। राहुल ने जिन छात्रों से बात की, उनमें वेदांत भी शामिल थे। वेदांत की एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि री-इवैल्यूएशन के दौरान पोर्टल पर जो स्कैन की गई कॉपी अपलोड की गई, वे उनकी नहीं थीं। वेदांत के बाद कई अन्य छात्रों ने भी ऐसी शिकायतें कीं। इससे पहले राहुल ने 30 मई को भी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर सरकार से सवाल किए थे। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि नीट, सीबीएसई, एसएससी और सीयूईटी एक करोड़ बच्चे और 4 परीक्षाएं। एक भी ईमानदारी से नहीं हो पाई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार विश्वगुरु बनने के दावे करती है, मगर देश में एक परीक्षा नहीं करवा सकती। पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह कर दी है। सरकार जिस पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर रही है, वही पीढ़ी हिसाब करेगी।





# दो दिन में 100 मीटर का नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा: मोदी

■ पीएम ने मन की बात में की गर्मी को लेकर बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में गर्मी को लेकर बात की। पीएम ने कहा कि हमारे यहां गर्मी से लड़ने का तरीका कई बार रसोई में भी मिलता है।

आपने भी देखा होगा जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे घर की रसोई का स्वाद बदल जाता है। पीएम ने कार्यक्रम में इस वक्त देश के दो चर्चित एथलीट की भी बात की। पीएम ने कहा कि एक इवेंट जिसकी देशभर में बहुत चर्चा हो रही है, वह है 100 मीटर की रेस। महज दो दिनों के भीतर मेंस 100 मीटर रेस में नेशनल रिकॉर्ड तीन बार टूटा। दो एथलीट्स ने ये कमाल दिखाया है।

# दिल्ली: साकेत बिल्डिंग हादसे में अब तक छह लोगों की मौत

■ 10 घायल, दो की हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार शाम पांच मंजिला बिल्डिंग गिर गई। जिसमें अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 10 घायलों को एम्स के ट्रामा सेंटर में एडमिट करवाया गया है, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है।

दक्षिणी दिल्ली जिले के डीएसपी अनंत मित्तल ने बताया कि जिस जगह मलबा गिरा, वहां मेडिकल स्टूडेंट्स की कैंटीन थी। इसके चलते कई स्टूडेंट्स मलबे में दब गए थे। पुलिस और बचाव दलों ने अब तक करीब 12 लोगों को बाहर निकाला है। एनडीआरफ, फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस संयुक्त रूप से अभी भी राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं।

# यूपी सहित आठ राज्यों में पारा 40 डिग्री से नीचे



**खराब मौसम से केदारनाथ यात्रा तीन घंटे रुकी रही, बीकानेर-जयपुर में रेतीले तूफान का अलर्ट**

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा में पिछले 15 दिन से चल रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

आंधी, बारिश और ओले गिरने से इन राज्यों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड में खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा 3 घंटे तक रुकी रही। हालांकि, शनिवार को देश के 36 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के विदर्भ में तापमान अभी भी 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। यहां का चंद्रपुर ( चांदा ) 44.8डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश में सबसे गर्म रहा। शनिवार को राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर 3 बजे रेतीला तूफान आया। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। इस रेतीले तूफान की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। बवंडर को पाकिस्तान की ओर से उठी तेज धूलभरी हवाओं ने रफ्तार दी थी। इस दौरान 56 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### टीएमसी सांसद बनर्जी पर हमले की सपा ने की निंदा

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में चंडीतला पुलिस स्टेशन के सामने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस दौरान टीएमसी सांसद पर हमले का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार कल्याण बनर्जी अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले और गिरफ्तार टीएमसी नेताओं व कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर चंडीतला थाना ज्ञापन देने पहुंचे थे। ज्ञापन सौंपने से पहले ही टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नारेबाजी शुरू हो गई। टीएमसी सांसद ने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया और उनके सिर पर पत्थर या गेंद जैसी वस्तु मारकर चोट पहुंचाई। वहीं भाजपा का कहना है कि कल्याण बनर्जी घायल नहीं हुए हैं और वह सिर्फ ड्रामा कर रहे हैं।

### अहिल्याबाई की जयंती पर मायावती ने किया नमन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देश की महान शासिका अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में मायावती ने अहिल्याबाई होलकर को 'न्यायप्रिय, धर्मनिरपेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक' बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास की महान शासिका अहिल्याबाई होलकर ने अपने आदर्शों, सेवा-भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नई दिशा प्रदान की। मायावती ने अहिल्याबाई के जीवन को 'नारी शक्ति, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा का प्रेरणा स्रोत' करार दिया।

## योगी ने गाजियाबाद समेत पांच जिलों के अधिकारियों के साथ की मीटिंग

# अपराध नहीं रुके, तो कार्रवाई को रहें तैयारः सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लखनऊ, वाराणसी, नोएडा, जौनपुर और गाजियाबाद में हुई हैं हत्या की घटनाएं
- योगी ने पुलिस अफसरों को तलब कर जमकर क्लास ली

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की है। सरकार की तरफ से लगातार यह दावा किया जा रहा है कि यूपी से अपराधी दूसरे राज्यों में भाग गए हैं, लेकिन हाल की घटनाएं इस पर सवाल उठा रही हैं।

अपराधियों ने पिछले कुछ दिनों में यूपी में जमकर तांडव किया है, तमाम हत्याएं हुई हैं। लगातार कुछ बड़ी आपराधिक घटनाओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी खफा हैं। उन्होंने शनिवार को अचानक ही ज्यादा अपराध वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को तलब कर लिया और उनकी जमकर क्लास ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने सख्त हिदायत दी की आपराधिक घटनाओं को रोका नहीं, तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गाजियाबाद, वाराणसी, लखनऊ और नोएडा के जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर मौजूद रहे। बागपत, गाजीपुर, पीलीभीत और जौनपुर के डीएम और कप्तान भी ऑनलाइन मीटिंग में जुड़े। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों हत्या की जो बड़ी वारदातें हुई, उसे लेकर अधिकारियों से जवाब तलब किया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर संदीप सिंह की हत्या का संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वाराणसी में व्यापारी मनीष सिंह की हत्या, नोएडा के जेवर में गोपाल शर्मा की हत्या, गाजीपुर में होटल कारोबारी की हत्या के साथ ही जौनपुर में दूल्हे की हत्या, गाजियाबाद में सूर्य चौहान की हत्या, पीलीभीत में स्कूल संचालक की हत्या और बागपत में मैकेनिक की हत्या की घटनाओं से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही ज्यादा नाराज हुए। जैसे ही बैठक खत्म हुई, लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सिंह सेंगर ने विभूति खंड के इंस्पेक्टर अमर सिंह और गोमती नगर के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया, साथ ही एसीपी विभूति खंड विनय द्विवेदी को भी हटाने की कार्रवाई की। सौम्या पांडेय को यहां की कमान सौंप दी।

### साकेत हादसे के बाद दो अफसर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास बिल्डिंग गिरने की घटना स्थल का दौरा किया और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचाव अभियान में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। वहीं इस हादसे में लापरवाही बरतने वाले दो अफसरों को सस्पेंड भी कर दिया है। सीएम ने विभिन्न अस्पतालों में भर्ती घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को निशुल्क और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, जिला प्रशासन, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली।

## सरकार ने पांच साल में भरीं माध्यमिक शिक्षा की सीटें

लखनऊ, वार्ता

- 33401 सीटों पर नियुक्ति होने से खत्म हुआ भर्ती का संकट

उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से लंबित भर्ती प्रक्रिया को योगी आदित्यनाथ सरकार ने मिशन मोड में पूरा कर व्यवस्था को नया संबल दिया है।

अप्रैल 2017 से 2022 तक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने प्रधानाचार्य, प्रवक्ता और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के कुल 33,401 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप रही। इसके चलते विद्यालयों में हजारों पद रिक्त हो गए और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी का सीधा असर पढ़ाई की गुणवत्ता पर पड़ा। योगी सरकार के गठन के बाद भर्ती को प्राथमिकता दी गई। पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया अपनाते हुए अब तक प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) 27,297, प्रवक्ता 5,321 और प्रधानाचार्य के 783 पदों पर नियुक्ति हुई है। बड़ी संख्या में शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की नियुक्ति से स्कूलों में शैक्षणिक नेतृत्व मजबूत हुआ है।

अधिकारियों का कहना है कि इससे शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में गति आई है और स्मार्ट क्लास, ध्ब्ज लैब, विज्ञान-कंप्यूटर प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण जैसी पहलों को लागू करने में मदद मिली है। अधिकारियों के मुता. बिक, रिक्त पदों को भरने के साथ नकलविहीन परीक्षा प्रणाली और डिजिटल शिक्षा पर जोर देकर माध्यमिक शिक्षा के आधार को और मजबूत किया गया है।

## यूपी स्वास्थ्य विभाग में हुआ बड़ा फेरबदल

लखनऊ, वार्ता


- डा. सचिन चन्द्र वैश्य गाजियाबाद के सीएमओ

यूपी सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी के आखिरी दिन 31 मई यानी आज तक ही विभागीय तबा. दले होंगे। इसी के तहत चिकित्सा विभाग में भी बड़े स्तर पर ट्रांसफर किए गए हैं। प्रदेश के 23 जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को उनके स्थान से हटाकर नए स्थान पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव रवि रंजन की तरफ से सीएमओ के ट्रांसफर संबंधी आद. ेश जारी किए गए हैं।

डा. विकास शर्मा को बदायूं, डा. विनय कुमार को महोबा, डा. वेद प्रकाश को हाथरस, डा. सचिन चन्द्र वैश्य को गाजियाबाद, डा. सुखरंजन समदर को सीतापुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा. अवधेश कुमार यादव को कानपुर सीएमओ की जिम्मेदारी दी गई है। डा. हरिनंदन प्रसाद को जालौन का सीएमओ बनाया गया है। डा. नीरज त्यागी को ज्वाइंट डायरेक्टर आगरा बनाकर भेजा गया है। डा. रमेश कुमार मिश्रा को सोनभद्र का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डा. रंजन गौतम अब बारा. बंकी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी होंगे। डा. अजय कुमार शर्मा को उन्नाव के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा. अभय नारायण राय बलिया के सीएमओ होंगे। डा. अल्का शुक्ला को हमीरपुर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। डा. उदयभान सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी फतेहपुर होंगे। डा. किशोर कुमार आहूजा हापुड़ के सीएमओ बनाए गए हैं।

## हिमाचल नगर निगम में भाजपा का परचम

शिमला, वार्ता



- मंडी, धर्मशाला, सोलन में शानदार जीत दर्ज की, कांग्रेस का पालमपुर पर कब्जा बरकरार

हिमाचल प्रदेश में रविवार को घोषित हुए नगर निगम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के चार नगर निगमों में से तीन में शानदार जीत दर्ज की और मंडी, धर्मशाला एवं सोलन पर कब्जा जमाया जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस पालमपुर में अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाब रही।

इस परिणाम को मुख्यमंत्री सुखिवदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और विपक्षी भाजपा के बीच 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण राजनीतिक रस्साकस्सी के रूप में देखा जा रहा है। हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के विपरीत चारों नगर निगमों के चुनाव पार्टी चिन्हों पर लड़े गए थे। परिणामों के अनुसार भाजपा ने मंडी, धर्मशाला और सोलन नगर निगमों में स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया है जिससे राज्य में पार्टी का शहरी आधार मजबूत हुआ है। हालांकि, पालमपुर नगर निगम में कांग्रेस विजई रही, जिससे विपक्ष की पूर्ण विजय टल गई। ये नतीजे शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के दो सप्ताह बाद आए हैं, जिनमें भाजपा और कांग्रेस दोनों ने 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों में जीत का दावा किया था, जहां चुनाव पार्टी लाइनों पर नहीं लड़े गए थे। नगर निगम चुनाव को ज्यादा प्रत्यक्ष राजनी. तिक परीक्षा माना जा रहा है, क्योंकि उम्मीदवारों ने आधिकारिक पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ा था। जहां एक ओर मंडी, धर्मशाला और सोलन जैसे प्रमुख शहरों में भाजपा ने अपना समर्थन मजबूत किया है, वहीं पालमपुर में कांग्रेस के प्रदर्शन से संकेत मिलता है कि सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के बावजूद सत्तारूढ़ पार्टी कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव बनाए हुए है। नगर निगम चुनावों में भारी मतदान हुआ, जिसमें 17 मई को चारों नगर निग. मों में 63.65 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। सभी नगर निगमों में पालमपुर में सबसे अधिक 68.97 प्रतिशत मतदान हुआ उसके बाद मंडी में 68.78 प्रतिशत एवं धर्मशाला में 60.01 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सोलन में सबसे कम 58.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इन नतीजों से राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है और दोनों प्रमुख दल इस फैसले को भविष्य के चुनावी मुकाबलों से पहले जनता की भावनाओं के संकेत के रूप में देख सकते हैं।

## ग्रामीण युवाओं को अब सिर्फ हुनर नहीं, व्यक्तित्व भी निखारेगा कौशल मिशन का नया कैलेंडर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए सिर्फ तकनीकी प्रशिक्षण देने तक सीमित न रखते हुए अब उनके व्यक्तित्व विकास पर भी फोकस शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत चलने वाले सभी आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के लिए सालभर का गतिविधि कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर के तहत हर महीने राष्ट्रीय दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, उद्यमिता सत्र, डिजिटल साक्षरता और करियर वर्कशॉप आयोजित होंगे। करियर काउंसलिंग से लेकर अंग्रेजी बोलने और रिज्यूम बनाने की ट्रेनिग तक, युवाओं को कॉरपोरेट माहौल के हिंसाब से तैयार किया जाएगा। कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अब ग्रामीण युवा सिर्फ तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि संवाद, नेतृत्व और आत्मविश्वास से भी सशक्त बनेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार हर केंद्र में सांस्कृतिक, खेल, डिजिटल, साहित्य, पर्यावरण और उद्यमिता जैसे छह क्लब अनिवार्य होंगे, जिनमें छात्राओं और दिव्यांग प्रशिक्षुओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। कौशल मिशन का यह कदम युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में बड़ी पहल मानी जा रही है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74775.74

निफ्टी 23547.75



सोना 156000

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263000

प्रति किलो



## वैश्विक कारकों के साथ घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों के अलावा कुछ महत्वपूर्ण घरेलू आंकड़ों पर भी रहेगी।

पश्चिम एशिया संकट का असर तो शेयर बाजारों पर दिखेगा ही, मानसून की प्रगति, अप्रैल के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े, मई के पीएमआई के आंकड़े और वित्त वर्ष 2025.26 के जीडीपी के आंकड़े निवेश धारणा को काफी प्रभावित करेंगे। इसके अलावा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद शुक्रवार को जारी बयान भी बाजार को दिशा देंगे। गत सप्ताह 28 मई को बकरीद का अवकाश होने के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। मौसम विभाग की कमजोर मानसून की भविष्यवाणी से शुक्रवार को बीएसई का सेंसेक्स लगभग 1,100 अंक लुढ़क गया। कुल मिलाकर चार दिन में यह 639.61 अंक यानी 0.85 प्रतिशत टूटा और सप्ताहांत पर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 123. 25 अंक (0.52 प्रतिशत) की गिरावट में शुक्रवार को 23,547. 75 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में निवेशकों का विश्वास बना रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सप्ताह के दौरान 19 कंपनियों के शेयर गिरावट में रहे। आईटीसी ने सबसे ज्यादा 4. 89 प्रतिशत का नुकसान उठाया। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.82 फीसदी, टीसीएस का 2.73, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.55, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.51, सन फार्मा का 2.40 और भारती एयरटेल का 2.23 प्रतिशत गिर गया। पावर ग्रिड में 1.56 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.54, ट्रेंट में 1.52, बीईएल में 1.36, बजाज फाइनेंस में 1.27, इंफोसिस में 1. 25 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.09 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी नीचे बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 4.32 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 3.81 फीसदी और इटरनल में 3.70 फीसदी की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.77 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 1.57, एशियन पेंट्स का 1.26, बजाज फिनसर्व का 1.10 और मारुति सुजुकी तथा अडानी पोर्ट्स दोनों के शेयर 1.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुए।

## चावल में साप्ताहिक गिरावट, दालों खाद्य तेलों के भाव में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव गिर गया। गेहूं और चीनी के भाव लगभग अपरिवर्तित रहे जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 12 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,794 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे का भाव छह रुपये बढ़कर 3,278 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान मसूर दाल की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 21 रुपये और 13 तुअर दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल 29 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। बीते सप्ताह सरसों तेल की कीमत 91 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 12 रुपये और सूरजमुखी तेल सात रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल 19 रुपये और मूंगफली तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहनः दाल चना 7715. 56 रुपये, मसूर काली 8100.31 रुपये, मूंग दाल 10192.26 रुपये, उड़द दाल 10854.15 रुपये, तुअर दाल 11256.56 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2794.07 रुपये और चावल 3837.40 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3278.05 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4347.04 रुपये और गुड़ 5072.99 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 18057.66 रुपये, मूंगफली तेल 19045.74 रुपये, सूरजमुखी तेल 17550.03 रुपये, सोया तेल 15116.33 रुपये, पाम ऑयल 13633.84 रुपये और वनस्पति 15141.39 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## कृषि मंत्री ने खेत बचाओ अभियान के शुभारंभ से पूर्व किया वर्चुअल संवाद

नई दिल्ली, वार्ता



सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की सहभागिता की अपील

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से एक जून को होने वाले 'खेत बचाओ अभियान' के राष्ट्रीय शुभारंभ से पूर्व, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मोड में बात करके इस अभियान को जनभागीदारी, वैज्ञानिक दृष्टि और राष्ट्रीय दायित्व के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया कि सिंह ने इस महत्वपूर्ण अभियान में शामिल होने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर चर्चा की और साथ ही वे केंद्रीय मंत्रियों और अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपील की है। इस अवसर पर चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती को बचाने, खेती का भविष्य सुरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का असंतुलित इस्तेमाल, मिड्डी के स्वास्थ्य में गिरावट और बदलते जलवायु संकट खेती के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़े हैं, इसलिए समय रहते व्यापक जागरूकता और हस्तक्षेप जरूरी है। चौहान ने बताया कि एक जून को रायसेन जिले के रामसिया गांव से प्रारंभ हो रहा राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और मिड्डी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड और प्राकृतिक खेती, फसल चयन और जल संरक्षण, हरी खाद और कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पद्धतियां, नकली खाद, बीज और पेस्टिसाइड की पहचान को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल सलाह देना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि खेत स्तर पर डेमो, वैज्ञानिक प्रमाण और व्यवहा. रिक उदाहरणों के माध्यम से किसानों का विश्वास मजबूत करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि देशभर में 30 जून तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाए, जिसमें यह स्पष्ट हो कि कौन अधिकारी, वैज्ञानिक, संस्थान या टीम किस तिथि को किस गांव में जाएगी।

## विकास छोड़ो, तिकड़म लगाओः बीजेपी एमएलए

**गोपामऊ।** उत्तर प्रदेश के बीजेपी विधायक श्याम प्रकाश ने चुनाव जीतने की वजह सिर्फ विकास काम को नहीं बताया है। विधायक ने ग्राम प्रधानों को साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जितने भी संभावित तरीके हैं, आप सबका इस्तेमाल चुनाव जीतने में करिए।

गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश का मानना है कि चुनाव सिर्फ विकास के काम से नहीं, बल्कि 'तिकड़म' से जीते जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास की वजह से वोट नहीं मिलते, मैंने भी विकास किया है, जिन गांव में मैंने सड़कें बनवाई, उन बूथों से मुझे वोट नहीं मिले। बीजेपी विधायक गांव के प्रधान को चुनाव जीतने का नुस्खा बता रहे थे। बीजेपी विधायक ने ये संबोधन तब किया, जब उत्तर प्रदेश सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने का फैसला किया। उन्होंने अगले चुनाव की तैयारी करने और सभी संभावित तरीकों को अपनाने की बात कही। उनके मुताबिक आप साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल करके चुनाव जीतें। निवर्तमान प्रधान, नई ग्राम पंचायतों के गठन तक या ज्यादा से ज्यादा छह महीने के समय तक पंचायतों के सामान्य प्रशासनिक मामलों को संभालते रहेंगे।

## मदरसा बोर्ड के मेधावी होंगे सम्मानित

### सरकार मौलवी व आलिम के टॉप-3 छात्रों को देगी टैबलेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया

**लखनऊ।** योगी सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप-3 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा।

इसके लिए जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य मदरसा शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है, ताकि अल्पसंख्यक समाज के छात्र-छात्राएं मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। साल 2026 की उप्र. मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं। सभी टॉप 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। मुंशी/मौलवी वर्ग में चंदौली के मोहम्मद वसीम ने पहला, मीरजापुर के मोहम्मद कासिम अली ने दूसरा और गोरखपुर की शाइमा परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आलिम वर्ग में शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं ने कब्जा जमाया। वाराणसी की जुमी फरीन और शाइस्ता परवीन के साथ अमरोहा की उम्मुल खैर ने टॉप-3 में स्थान बनाया है। इन छात्र-छात्राओं को टैबलेट से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्र आधुनिक शिक्षा से जुड़ें और समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर के विजन को राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मदरसों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और आधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि योगी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मदरसा शिक्षा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में गरीब मुस्लिम परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं।

# बहन का धारदार हथियार से किया कत्ल

## शाहपुर के गांव आदमपुर की घटना, काफी देर बहन-भाई के बीच चला विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** बहन-भाई के बीच हुए विवाद में कत्ल की नौबत आ गई। पहले बहन-भाई के बीच काफी देर विवाद हुआ और बहन की बाते और तानों से छल्लाए भाई से छुरा निकालकर बहन का गला रेत डाला और घर का आंगन लहुलूहान कर दिया। खनू से लथपथ जमीन पर तडपता देख परिवार के रोंगटे खडे हो गए। चीख पुकार शुरू हुई तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना रविवार की सवेरे ही हो गई और यहां पहुंचे ग्रामीणों में भी लाश का दृश्य देखकर दहशत बन गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। भाई द्वारा बहन का कत्ल करने की जानकारी मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होने घटना की छानबीन की। घटना स्थल का मौका मुआयना और कुछ लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस अधिकारियों को कत्ल के पीछे की वजह जानने में देर ना लगी। इस समय कत्ल करके फरार हुए युवक की तलाश शुरू कर दी गई है।

बताया जाता है कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी शकील कुरैशी परिवार के साथ रहता है। सवेरे के समय शकील के बेटे 23 वर्षीय आमिर और उसकी 20 वर्षीय बेटी अदिबा के बीच विवाद हो गया और विवाद इतना बड गया कि आमिर ने घर के आंगन में ही धारदार हथियार से हमला कर अदिबा का कत्ल कर दिया। हमले में अदिबा की मौके पर मौत हो पहुंची थी और मृतका अविवाहिता थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कोपीएम के लिए भेजा। सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र कुमार ने इस मामले की बारिकी से जांच पडताल की। इस मामले के पीछे बहन की मनमानी का मामला सामने आ रहा है। जिस बेरहमी से अदिबा का कत्ल किया गया उससे साफ हो रहा है कि किसी गहरी बात को लेकर ही इस घटना को अंजाम दिया गया है, हालांकि मामला पूरी तरह खुल चुका है इसके पीछे क्या कारण है कुछ लोगों का कहना है कि हत्यारोपी भाई अपनी बहन को किसी बात के लिए रोक रहा था और काफी समझाने के बाद भी युवती नहीं मानी जिससे युवक को लगा कि उसकी और उसके परिवार की बदनामी हो सकती है उसने खौफनाक कदम उठाते हुए बेखौफ होकर कत्ल कर दिया।

# यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के केंद्रों का एडीएम ने किया निरीक्षण

■ सीसीटीवी की निगरानी में सम्पन्न हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** परीक्षा बुंद.ेलखंड बिश्वविद्यालय, झांसी के तत्वावधान में जनपद मुजफ्फरनगर के निर्धारित केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी और कड़े सुरक्षा घेरे के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

जनपद में यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026, यूपी बी-एड जेईईइ-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला.धिकारी (प्रशासन) संजय कुमार सिंह ने डीएवी कॉलेज सहित अन्य सभी परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने दोनों पालियों (प्रथम पाली सुबह 9 से 12 बजे और द्वितीय पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे) के दौरान परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और अभ्यर्थियों के लिए की गई सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की शु.चता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा को शांतिपूर्ण और बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

आज की यह परीक्षा बुंदेलखंड बिश्वविद्यालय, झांसी के तत्वावधान में जनपद के निर्धारित केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी और कड़े सुरक्षा घेरे के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य अभियंता ने दो जगह छापा मार कर बिजली चोरी पकड़ी

**मुजफ्फरनगर।** वहलना चौक के पास उपभोक्ता जुल्फिकार के 05 केडब्ल्यू , कामर्शियल कनेक्शन बकाया राशि रुपए 1.46 लाख पर कटे कनेक्शन को चेक करने खुद मुख्य अभियंता विनोद कुमार गुप्ता स्टाफ के साथ पहुँच गए तो पाया कि परिसर पर छत के ऊपर गई केबिल में कट लगाकर चोरी से विद्युत का प्रयोग किया जा रहा है। बगल के ही एक अन्य ट्रांसपोर्ट ऑफिस में 01झू कमर्शियल में स्वीकृत भार पर उसी छत से अतिरिक्त केबिल द्वारा ए. सी. का प्रयोग चोरी की बिजली से किया जा रहा है। दोनों ही परिसरों पर धारत 135बी के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई। आज मुख्य अभियंता विनोद कुमार गुप्ता के कमान संभालने से विभाग में हडकंप मचा हुआ है।


शाहपुर: मृतका की मां से पूछताछ करते एसएसपी।

# पाइपलाइन से क्षतिग्रस्त हुए मकानों को मिला मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नाइयों वाली गली में जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मकानों के पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिल गया है। वार्ड सभासद अजय संगल के लगातार प्रयासों के बाद स्थानीय प्रशासन ने प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान की। गली में पाइप लाइन कार्य के दौरान कई मकानों को नुकसान पहुंचा था और कुछ मकान बैठ भी गए थे। तब बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल ने मोर्चा संभाला था और सभी पीड़ित परिवारों के साथ मिलकर स्थानीय प्रशासन के सामने लगातार मुद्दा उठाया था। अब सभासद अजय संगल के प्रयासों से पीड़ित गृह स्वामी परदेशी लाल को 3.5 लाख रुपये जबकि खलील, राहुल और विशाल को 50-50 हजार रुपये का मुआवजा मिला है। पीड़ित परिवारों ने इसे राहत बताया है। इस मुआवजा वितरण के मौके पर बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र त्यागी, मुकुल मित्तल, आशीष गोयल, योगेश प्रजा.पति, लक्ष्मण चौहान, विजय गर्ग, प्रेम त्यागी, दीपक गोयल, बिट्टू जैन, अवनीश त्यागी, रणधीर सैनी, चिराग गोयल, नीरज मास्टर, विभोर बंसल, अमरीश गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक और वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि सभासद के हस्तक्षेप से ही उन्हें न्याय मिल सका है। उधर सभासद



अजय संगल ने कहा कि जन प्रति.निधि का धर्म जनता के हक की रक्षा करना है और वे आगे भी पीड़ितों के साथ खड़े रहेंगे।

# श्रद्धांजलि सभा में भाग लेंगे प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित हनुमन्तधाम में सोमवार को ब्रह्मलीन सन्त महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज की षोडसी का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु संत भाग लेंगे वहीं प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी ब्रह्मलीन संत को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

हनुमन्तधाम आश्रम के पीठाधीश्वर महानिर्वाणी पंचायती अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज बीते 17 मई को देवलोक गमन कर गए थे।ब्रह्मलीन संत की षोडसी का आयोजन सोमवार को किया जाएगा जिसमें साधु-संतों सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे वहीं प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। आश्रम के स्वामी विज्ञानंद महाराज ने बताया कि सोमवार की सुबह सवेरे 9 बजे हवन यज्ञ व श्रद्धांजलि सभा व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के टंडन ने बताया कि कार्यक्रम में पीठाधीश्वर की घोषणा भी की जाएगी।

# देवी अहिल्याबाई की 301वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा

## पाल धनगर गड़रिया समाज ने दिया एकजुटता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मुजफ्फरनगर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती रविवार को मुजफ्फरनगर जिले में उल्लास, उमंग और गहरी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर माहेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति के तत्वावधान में नगर क्षेत्र में एक विशाल शोभायात्रा निक.ाली गई। इस भव्य यात्रा में 100 से अधिक ट्रैक्टरों के काफिले और आकर्षक झांकियों के साथ पाल-धनगर समाज सहित सर्वसमाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पूर्व, सुबह के सत्र में अहिल्याबाई चौक पर सामूहिक हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें आहुति देकर देश और समाज की खुशहाली की कामना की गई।

इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक दिग्गजों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, पूर्व सांसद कादिर राणा, दीप्ति पाल, सुप्रिया पाल और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल पाल, सपा नेता दर्शन सिंह धनगर, बसपा नेता कुलबीर पाल शामिल रहे। कार्यक्रम स्थल पर दिनभर हिंदुस्तान एग्रो की ओर से ठंडे पानी और शरबत की छबील लगाई गई, जिससे चिलचिलाती गमर्ह में राहगीरों को बड़ी राहत मिली।

दोपहर तीन बजे कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही। समिति के पदा.धिकारियों के नेतृत्व में यह विशाल यात्रा कच्ची सड़क से शुरू होकर अंसारी रोड, शिवचौक, पाल धर्मशाला और आनंदपुरी जैसे शहर के व्यस्त और मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीतों और देवी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन से जुड़े भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। लोकमाता के सामाजिक कार्यों को दर्शाती भव्य झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। सैकड़ों ट्रैक्टरों के अनुशासित काफिले ने इस यात्रा को बेहद ऐतिहासिक रूप दिया। शहरभर में भ्रमण करने के पश्चात यह शोभायात्रा वापस मां भगवती मंदिर परिसर में पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

यात्रा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष डॉ. देशबंधु तोमर, संयोजक राजबीर सिंह, दर्शन धनगर, रोहताश पाल, पवन पाल, उमेश पाल, कुलबीर पाल, बबलू धनगर और नाथी राम ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके साथ ही संदीप धनगर, अमित पाल सभासद, पुष्पांकर पाल, तरुण पाल, रामनिवास पाल, अमरनाथ पाल और सुप्रिया पाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

**शोभायात्रा के दौरान पुलिस रही मुस्तैद:** मुजफ्फरनगर शहर में अहिल्याबाई शोभायात्रा की भव्यता और 100 से अधिक ट्रैक्टरों की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सीओ सिटी के कुशल नेतृत्व में कच्ची सड़क, अहिल्याबाई चौक, मालवीय चौक, नावल्टी चौक, रुड़की रोड और शिवचौक समेत सभी प्रमुख चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने शोभायात्रा को सुरक्षित मार्ग देने के साथ-साथ शहर की यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखा, जिससे आम जनता को कोई असुविधा नहीं हुई।





# बहुजन मुक्ति पार्टी का कलेक्ट्रेट में अनोखा प्रदर्शन

## बढ़ती कीमतों के विरोध में वाहन को धक्का लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बहुजन मुक्ति पार्टी ने रविवार को बढ़ती महंगाई के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में पेट्रोल-डीजल की बढती कीमतों के विरोध में एक वाहन को धक्का लगाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पार्टी कार्याकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमते आम जनता किसानों, मजदूर और छोटे व्यापारियों को प्रभावित कर रहे प्रदर्शन बहुजन मुक्ति पार्टी के केन्द्रीय सचिव के नेतृत्व में किया गया।

कार्यकर्ताओं ने वाहन को धक्का देकर यह संदेश दिया कि पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम आम आदमियो के लिए मुसीबत बन जाएगा क्योकि वाहन चलाना उनके लिए बडा मुश्किल हो जाएगा।

उन्होने केन्द्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई नियंतत्रण की मांग की। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी महंगाई के खिलाफ चरणबंध आदोलन चला रही है उन्होने बताया कि इससे पहले गैस सिलेण्डर की बढ़ती कीमतों के विरोधमें कलेक्ट्रेट प्रदर्शन में चूल्हा जलाकर प्रदर्शन किया था और अब वह धक्का मार आंदोलन पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ तीसरे दिन भी जारी रहा।

प्रदर्शन के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और महंगाई पर विरोध जताया। उन्होने सरकार के खिलाफ नारे बाजी भी की। उन्होने आरोप लगाया कि ईंधन के बढ़ते दाम परिवहन लागत बढा रहे है जिससे खाद्य पदार्थो और रोजाना की उपयोग में आने वाली वस्तुओं की कीमते बढ़ रही है। इस दौरान शिवकेश बौद्ध, अफजाल खान, करण सिंह बौद्ध, मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुरनपुर नवादा गांव में गली में ट्रेक्टर खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डन्डे चले जिसमे एक पक्ष से प्रधान पति सहित तीन व दूसरे पक्ष से महिला सहित दो घायल हो गये दोनो पक्षों नें एक दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

पुनरपुर नवादा निवासी प्रधान पति सोनू नें बताया कि उसकी गली में नरेश पुत्र धर्मवीर ट्रेक्टर खड़ा करता है मना करने पर दबंगाई दिखाता है। रविवार सुबह सोनू नें नरेश से ट्रेक्टर हटाने को कहा तो उसने गाली गलौज शुरू कर दी और दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगी जिसमे एक पक्ष से सोनू, राम.बती, और मंगत घायल हो गये जबकि दूसरे पक्ष से नरेश की पत्नी सुनीता और बेटा शिवम घायल हो गये जिसके बाद दोनो पक्ष थानें पहुंचे जहां घायलो को मेडिकल के लिए पिलाना सीएचसी भेजा गया है। वहीं थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया की दोनों पक्ष की ओर से तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### फायर की आवाज निकालने वाले बाइक सवारों पर लगा रु.17500 का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** शोभायात्रा की आढ़ में कुछ युवक बुलट बाइक पर फायर की आवाज निकालने से बाज नहीं आए जिस कारण राहगीर बेहद परेशान हुए। शिवचौक पर तैनात पुलिसकर्मियों ने लोगों की शिकायत पर हुडदंग मचाने वाले दो युवकों को पकड लिया और उनकी मॉडीफाइड स्पलेण्डर बाइक अपने कब्जे में ले ली, जबकि भीड़ का फायदा उठाकर बुलेट सवार गायब हो गए। बाइक सवारों ने पुलिस ने 17500 का चालान भी जमा कराया। यह कार्यवाही सर्राफा बाजार चौक पर ड्यूटी कर रहे सब इस्पेक्टर करनी चाही तो बाइक सवारों शिव चौक की तरफ चले गए थे।

# दोस्ती में फंसाकर करोड़ की ठगी का आरोपी दबोचा

## 24 लाख से अधिक की राशि फ्रीज कराकर कराई वापस, फर्जी दस्तावेज बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर को धरदबोचा जो सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद लोगों को विश्वास में लेकर अधिक लाभ दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा था। पकडा गया आरोपी एक करोड, एक लाख दो हजार की ठगी कर चुका था। पुलिस ने पीड़ित से ठगी की गई नगदी में से 27 लाख 71 हजार फ्रीज कराकर वापस कराए है। साइबर थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से मोबाइल, लेपटॉप, पहचान पत्र व एटीएम, पेन कार्ड बरामद हुए है।

पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराने वाले पीड़ित को फेसबुक के माध्यम से एक फ्रेंड्स रिक्वेस्ट प्राप्त हुई जिसमें स्वयं गीतिका कपूर उर्फ जीजी बताने वाली महिला ने सम्पर्क किया। इसके बाद फोन करने वाले ने विश्वास बनाया और भावनात्मक संबंध बनाए। इसके बाद उसको ऑनलाइन ट्रेडिंग एण्ड निवेश के नाम पर डीजीएक्ससी नामक वेब साइट पर निवेश करने के लिए प्रे.रित किया। आरोपियों ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर व वेबसाइट पर फर्जी लाभ प्रदशित कर पीडित का विश्वास जीत लिया। इसके बाद अलग-अलग समय में पीड़ित से एक करोड एक लाख दो हजार रूपये अलग-अलग खातो में जमा कराए। इसमें एक फर्जी तरीके से लाभ दर्शाया गया, लेकिन जब पैसा निकालने के समय फाइल वैरिफकेशन डाटा रिपेयरिंग एवं एंटी मनी लॉड्रिंग प्रोसेस आदि के नाम पर अतिरिक्त धन जमा कराने के लिए दबाव बनाया गया इसके बाद पुलिस ने इस मामले को दर्ज किया और निखिल त्रिपाठी पुत्र विनोद कुमार त्रिपाठी हाईलिंक रोड जनपद इंदौर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि पकडा गया आरोपी निखिल त्रिपाठी बीकॉम का छात्र रह चुका है और वह इंदौर में काम करता है। पकडे गया आरोपी चार प्रतिशत कमीशन पर काम करता था। पुलिस का कहना है कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है उनके कब्जे से भी मोबाइल, लैपटॉप, एटीएम, चैक बुक और नगदी बरामद की गई थी।

# फर्जी डिप्लोमा प्रमाण पत्र बेचने वाले दस लोग दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ककरौली पुलिस ने फर्जी डिप्लोमा प्रमाण पत्र, मार्किट शीट जिनमे मुख्य नर्सिंग संबंधी को तैयार कर उसको बेचने वाले गिरोह के दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए आरोपी अलग-अलग काम देखते थे और इनके कब्जे से दस मोबाइल एक हार्ड डिस्क, 17 पारदर्शी फाईलों में फर्जी डिप्लोमा, मार्कशीट, सीपीयू, मॉनीटर, प्रिंटर मशीन, 11 पारदर्शी फाइल में आईडी फोटो पेपर और बाइक बरामद होना बताया है। यह गिरोह फर्जी प्रमाण पत्र और डिप्लोमा को 25 हजार में बेचते थे। पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुएबताया कि ककरौली पुलिस जटवाडा पुलिस चौकी क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी इसी बीच फर्जी डिप्लोमा व मार्कशीट तैयार करने वाले व्यक्तियों की जानकारी मिली। इस दौरान पुलिस ने बताए गए स्थान से पांच लोगों को गिरफ्तार किया और पांच लोगों को मेरठ स्थित न्यू टीमा हॉस्पिटल, हिम्स हॉस्पिटल शिवाल जानी रोड से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि पकडे गए आरोपियों के नाम शिवानदं पुत्र यशपल, मनीष पुत्र सलेकचन्द्र निवासीगण तुलहेडी मीरांपुर, कुलदीप पुत्र राजकुमार निवासी जानी मेरठ, इस्माइल पुत्र सुफी हसनैन, समर गार्डन लिसाडी गेट मेरठ, आदिल पुत्र युनूस, रितेश पुत्र राम अवतार जाटव, जैंत भारती पुत्र स्व. किरण पाल बहसुमा मेरठ, सचिन पाल पुत्र जसवंत सिंह, तिसंग जानसठ, संदीप कुमार पुत्र राजपाल सिंह जाटव, मेडिकल मेरठ, नितेश पुत्र चतर सिंह जाटव निवासी सिवालखास मेरठ को गिरफ्तार किया।

# घर में घुसकर मारपीट, वृद्ध महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**बिनौली।** क्षेत्र के ग्राम बरनावा में एक वृद्ध महिला के घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना बिनौली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद पीड़ित परिवार में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्राम बरनावा निवासी अमीर बेगम पत्नी स्वर्गीय ताज मोहम्मद ने थाना अध्यक्ष बिनौली को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक वृद्ध एवं असहाय महिला हैं और अपने परिवार के साथ गांव में निवास करती हैं। उनका पोता साकिब मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि 31 मई को गांव के ही कुछ लोगों ने एकजुट होकर उनके घर में जबरन प्रवेश किया।

### मेले में पुलिसकर्मी का नकदी लेते वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** फुगाना थाना क्षेत्र के खरड़ गांव में आयोजित वार्षिक मेले से जुडा एक तीस सैकेण्ड का वीडियो बडी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें झुले के पास खडा एक पुलिसकर्मी कथित रूप से नगद राशि लेकर जेब में रखता हुआ दिखाई देरहा है। इस घटना को झूले पर बैठे किसी युवक ने रिकॉर्ड किया था और जारी कर दिया। पुलिस इस वीडियो की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों कादावा है कि यह वीडियो खरड गांव के मेले का है, लेकिन इसकी अभी तक पुष्टी नहीं हुई है। सीओ यतेन्द्र सिंह नागर ने इस वीडियों को संदिग्ध बताया।

# गंगनहर के नवीन पुल का केबिनेट मंत्री ने किया भूमि पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के निरगाजनी झाल स्थित गंग नहर पनचक्की पुल 9 माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था।जिसके बाद से पुल को चौपहिया वाहनों के लिये बन्द किया हुआ है।हाल में पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ है वहीं रविवार को मन्त्री द्वारा हवन-यज्ञ एवं भूमि पूजन किया गया।



भोपा थाना क्षेत्र के निरगाजनी गंग नहर पनचक्की के निर्माणधीन पुल के भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, बिजनोर लोकदल से मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, सांसद चंदन चौहान, एम एल सी वंदना वर्मा, विधायक पुत्री सुप्रिया पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि डबल इंजन सरकार क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जा रहा है। पुल निर्माण कार्य पर लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पुल के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं किसानों को सीधा लाभ मिलेगा तथा आवागमन सुगम हो जायेगा। पुल बंद होने से क्षेत्र के किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था तथा ग्रामीणों को भी लंबा रास्ता तय करना पड़ता था।भूमि पूजन के दौरान जनप्रतिनिधियों ने हवन-यज्ञ में पूर्णाहुति देकर पुल निर्माण कार्य के सफल संचालन की कामना की गयी। बीते वर्ष 2 सितम्बर को अचानक क्षतिग्रस्त होने के बाद पुल पर दीवार कर चौपहिया वाहनों का आवागमन बन्द कर दिया गया था।जिसके बाद भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत,जिला पंचायत अध्यक्ष डक्कवीरपाल निर्वाल आदि ने पुल निर्माण के लिये अधिकारियों से बात की थी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी,डा. अमित ठाकरान मोरना,ललित सहरावत भोकरहेडी,योगेश गुर्जर सिकंदरपुर, राजीव डायरेक्टर, रामपाल सिंह, राजकुमार प्रधान, धीरसिंह,सिंचाई विभाग के जेई वीरेंद्र कुमार,ख्रष्ण गोपाल, बाबूराम, विपिन कुमार, सेतु निगम के ऋतिक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# लापता विकसित उर्फ रॉकी प्रकरण में सनसनीखेज मोड़

**जानसठ/सिखेड़ा।** सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा अस्सा से 18 मई से लापता चल रहे विकसित उर्फ रॉकी के मामले में नया और सनसनीखेज मोड़ सामने आया है। कई दिनों तक गुमशुदगी के रूप में चल रहे इस प्रकरण में पुलिस ने विकसित की दूसरी पत्नी रेणु, उसके बेटे बादल, पुत्रवधू निशा तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरु) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 140(1) (अपहरण) एवं धारा 238 (साक्ष्य मिटाने) के तहत मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पीड़ित परिवार ने विकसित की हत्या कर शव को ठिकाने लगाए जाने की आशंका जताई है।

तो वही जानकारी के अनुसार 18 मई को रेणु अपने पति विकसित उर्फ रॉकी को बेहड़ा अस्सा स्थित आवास से एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार में बैठाकर ;षिकेश जाने की बात कहकर अपने साथ ले गई थी। परिजनों का कहना है कि उसी दिन शाम लगभग सात बजे विकसित की अपनी मां से फोन पर अंतिम बार बातचीत हुई थी। इसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और तब से उसका कोई पता नहीं चल सका।परिवार का आरोप है कि विकसित के अचानक गायब होने के बाद रेणु लगातार अलग-अलग बातें बताकर उन्हें भ्रमित करती रही है, कभी वह ;षिकेश जाने की बात कहती तो कभी कोई अन्य कहानी सुनाती रही। परिजनों के अनुसार जब उससे लगातार सवाल पूछे जाने लगे और गांव में मामले को लेकर चर्चा तेज हुई तो 26 मई को वह अपने बेटे बादल और पुत्रवधू निशा के साथ अचानक घर छोड़कर चली गई, जिससे संदेह और गहरा गया। मामले में उस समय नया मोड़ आया जब गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सामने आई। बताया जा रहा है कि फुटेज में एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार दिखाई दे रही है, जिसे वही वाहन माना जा रहा है जिसमें विकसित को घर से ले जाया गया था। पुलिस अब इस फुटेज के आधार पर वाहन और उसमें मौजूद लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। उधर सोशल मीडिया पर रेणु का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह सिगरेट पीती दिखाई दे रही है। हालांकि वीडियो का मामले से सीधा संबंध स्थापित नहीं हुआ है, लेकिन इसके वायरल होने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस वीडियो की भी जांच कर रही है।विकसित के पिता मगन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके पुत्र का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को कहीं ठिकाने लगा दिया गया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि शुरुआती दिनों में पुलिस ने मामले को अपेक्षित गंभीरता से नहीं लिया। 25 मई को गुमशुदगी दर्ज होने के बावजूद कोई ठोस प्रगति सामने नहीं आई, जिससे परिवार और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। गांव में पंचायत आयोजित कर आंदोलन की चेतावनी दी गई। अगले दिन पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा से मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की।ग्रामीणों का कहना है कि विकसित के लापता होने के बाद से पूरे गांव में भय और असमंजस का माहौल है। पंचायत में भी लोगों ने जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने और दोषियों को गिर"तार करने की मांग उठाई थी। बढ़ते दबाव और नए तथ्यों के सामने आने के बाद पुलिस ने अपहरण और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच का दायरा बढ़ा दिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज, मोबा. इल फोन की कॉल डिटेल, संभावित लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है। अधिकारियों ने दावा किया है कि जल्द ही मामले के सभी तथ्यों का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल विकसित उर्फ रॉकी का कोई सुराग नहीं मिलने से परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। पूरे क्षेत्र की निगाहें अब पुलिस जांच पर टिकी हैं और लोग इस रहस्यमय मामले के पर्दाफाश का इंतजार कर रहे हैं।

# निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की मुहिम

**छपार।** भाजपा की जिला उपाध्यक्ष व नवनियुक्त बरला मंडल की प्रभारी डाक्टर श्वेता कौशिक ने प्रधानमंत्री की 134 वी मन की बात सुनी और निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए बैठक की। रविवार को भाजपा की नवनियुक्त मंडल प्रभारी छपार में हरपाल त्यागी के आवास पर पहुंची और पहले कार्यकर्ताओं के साथ टीवी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को सुना उसके बाद बूथ अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी व कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक में कहा कि प्रदेश के चुनाव सिर पर है। जो कार्यकर्ता निष्क्रिय है उन्हें सक्रिय किया जाये या उनके स्थान पर दूसरे कार्यकर्ता रखें जाये। वोटर लिस्ट के बारे में भी निर्देश दिये कि उसकी जांच कर लें जिनकी वोट नहीं है ओर जो नई वोट बननी है उन्हें चिन्हित कर लें और समय पर उनकी वोट बनवाने का काम करें। मंडल प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय भी किया। उनके साथ धर्मेन्द्र तोमर, बिजेंद्र त्यागी, अश्वनी आर्य, डाक्टर गुरुदत्त, प्रयास त्यागी, रुस्तम,शिवांक त्यागी, प्रमोद त्यागी मुदित त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक फूल दो माली को लेकर हुई पंचायत

### प्रेमिका को अपने घर पर ले गए उसके परिजन

**बुढ़ाना।** एक शादीशुदा प्रेमी उस समय हताश हो गया जब उसकी प्रेमिका अपने परिजनों के साथ चली गयी। इस मामले में कई घंटे पंचायत भी हुई तो बाद में निष्कर्ष प्रेमी के विरुद्ध ही निकला। हुआ यूं कि दिल्ली निवासी एक महिला की शादी लगभग 12 साल पूर्व हरियाणा राज्य में हुई थी। उसका पति चोरी की घटनाएं करता रहता है और शराबी भी है। पुलिस पति की गैर मोजूदगी में महिला को ताने देती रहती थी। जिससे तंग आकर वह अपने पति को छोड़कर अपने शादीशुदा जीजा निवासी गांवध्‌ सुल्तानपुर के घर पर आकर रहने लगी। तब कुछ दिन बाद युवक की पत्नि को अपनी बहन के अवैध संबंध अपने पति से होने की जानकारी मिली तो दोनों बहनों में लड़ाई रहने लगी। आज अचनाक से एक बहन की शिकायत पर उसके परिजन गांव सुल्तानपुर में आए और समाज के लोगों को एकत्रित कर बातचीत शुरु की। जहां युवक अपनी साली के साथ साथ अपनी पत्नि को भी रखने को तैयार था वहीं युवक की पत्नि बिफर गयी और उसने पंचायत में खुला ऐलान करते हुए कहा कि अगर उसकी बहन उसके घर पर रहेगी तो वह कुछ भी कर सकती है। तब पंचायत में अफरा तफरी मच गयी। तब महिला को काफी समझाया बुझाया गया लेकिन उसका जीजा और उसकी साली एक दूसरे के साथ रहने की जिद पर अडे रहे। बाद में महिला परिजनों की बात मान गयी और वह नाटकीय ढंग से अपने परिजनों के साथ चली गयी। इस दौरान काफी गहमा गहमी देखने को मिली।

# अहिल्याबाई जयन्ती पर निकाली गई शोभायात्रा

**मोरना।** वीरांगना अहिल्याबाई होलकर जयन्ती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। आधा दर्जन गाँव मे शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में रविवार को आयोजित शोभायात्रा का शुभारम्भ विधायक पुत्री सुप्रिया पालने फीता काटकर किया। भाजपा नेता अमित राठी ने वीरांगना रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवी स्वरूप महारानी अहिल्याबाई ने सनातन हिन्दू संस्कृति का प्रचार देश में किया। अनेक मन्दिरों का पुनरोद्धार किया तथा अनेक आश्रमों की स्थापना की। देवी अहिल्याबाई का जीवन सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। शोभायात्रा फिरोजपुर से शुरू आरम्भ होकर शुकतीर्थ के मुख्य मार्गो से होते हुए इलाहबास गांव मे पहुंची तथा मोरना व बहुपुरा,शुक्रतारी होते वापस फिरोजपुर पहुंची।सत साहिब आश्रम में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया व कढ़ी का प्रसाद वितरण किया गया तथा ठंडे शरबत की छबील लगाकर शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मदन पाल प्रधान, अरूणपाल, सतबीर पाल, भूषण, निगम, पप्पन,अनुज पाल, संयोजक के रूप में शुभमपाल ,नरेश पाल, शोकिन्द्र पाल,प्रिंस आदि मौजूद रहे।



# गर्मियों की छुट्टियों में धार्मिक यात्राओं पर जाने का चलन

**शाहपुर।** सिद्धपीठ श्री बाला. जी धाम मंदिर के संरक्षक तथा समाजसेवी राजीव मित्तल ने अपने परिवार संग किए पुरी में श्री जगन्नाथ जी मंदिर में दर्शन, ब्वि. विख्यात कोणार्क का सूर्य मंदिर भी देखा।

शाहपुर कस्बे के सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर के संरक्षक तथा समाजसेवी राजीव मित्तल ने अपने परिवार संग भगवान श्री जगन्नाथ जी के पावन धाम पुरी तथा ब्विविख्यात सूर्य मंदिर, कोणार्क में दर्शन-पूजन कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। समाजसेवी राजीव मित्तल ने कहा कि उड़ीसा की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत सम्पूर्ण राष्ट्र को एकता और सद्‌भाव का संदेश देती है।





# कथावाचक देवशरण शास्त्री हुए क्रांति सेना में शामिल

**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना द्वारा जनपद में चलाए जा रहे सघन सदस्यता अभियान के तहत आज प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित देवशरण शास्त्री व्यास जी व सुनील कुमार ने क्रांतिसेना कार्यालय पहुंचकर संगठन की सदस्यता ग्रहण की, इस अवसर पर संघठन के संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी ने दोनों को भगवा पत्ता पहनकर क्रांतिसेना की सदस्यता दिलाई, संस्थापक अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहाँ कि क्रांतिसेना की स्पष्टवादी नीतियों के कारण बड़ी संख्या में हिंदूवादीयों का झुकाव क्रांतिसेना के प्रति बढ़ रहा है यही कारण है गत 15 दिनों के भीतर जहाँ 70 से अधिक हिंदूवादियों ने स्वम् कार्यालय पहुंचकर संघठन की सदस्यता ग्रहण की, वही डोर टू डोर चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत 300 से अधिक नए युवाओं को क्रांतिसेना से जोड़ा गया, दोनों नवनियुक्तों में संगठन की नीतियों और उद्देश्यों पर चलकर कार्य करने का संकल्प लिया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा महानगर उपाध्यक्ष उज्ज्वल पंडित राजेंद्र पाल कार्यालय प्रभारी शैलेंद्र विश्वकर्मा क्यों आप लाख अध्यक्ष योगेंद्र सैनी दाताराम आदि उपस्थित रहे,



मुजफ्फरनगर। क्रांति सेना की सदस्यता लेते कथाव्यास देशवरण शास्त्री व अन्य।

# विवाहिता ने पति के जीजा पर लगाया रेप का आरोप

### पिस्टल दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** कोतवाली बुढ़ाना की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता ने अपने पति के जीजा पर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर बुढ़ाना पुलिस ने आरा. ेपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार शामली जिले के कैराना थाना क्षेत्र के भूरा गांव निवासी एक युवती की शादी बीती 11 दिसंबर 2024 को उक्त गांव के निवासी सौरभ शर्मा से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सौरभ का जीजा ललित शर्मा पीड़िता पर गलत नजर रखता था। पीड़िता का आरोप है कि बीते वर्ष 04 मई को दोपहर करीब 12 बजे जब उसका पति अपनी बीमार मां को इलाज के लिए अस्पताल ले गया था तो ललित शर्मा उसके घर पहुंचा।

उस समय घर पर पीड़िता और उसकी ननद मौजूद थी। आरोप है कि ललित शर्मा कमरे में घुसकर पीड़िता से जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि उसने घटना की जानकारी पति और सास को दी लेकिन उल्टा उसे ही बदनाम किया गया। बाद में मायके जाकर उसने मां को पूरी बात बताई। आरोप है कि ललित शर्मा अब पीड़िता और उसके भाई को भी जान से मारने और जेल भिजवाने की धमकी दे रहा है। तहरीर के आधार पर बुढ़ाना पुलिस ने ललित शर्मा निवासी रामडा जनपद शामली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच परासोली पुलिस चौकी इंचार्ज गुलाब तिवारी को सौंपी गई है। उधर बुढ़ाना पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गुड़ उद्योग के प्रोत्साहन के लिए रालोद व सरकार को दिया धन्यवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गुड़ उद्योग को टैक्स के दायरे में लाने के मसौदे को सरकार द्वारा वापस लेने पर कोल्हू संचालकों ने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार जताते हुए प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया।

मोरना क्षेत्र के गांव छछरौली में स्थित राठी गन्ना कोल्हू में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के गन्ना कोल्हू संचालको ने भाग लिया।नरेन्द्र राठी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह द्वारा गन्ने को लेकर पूर्व में बने कानून में बदलाव किया गया था।जिसका सीधा लाभ किसान को मिला था।वर्तमान में शुगर मिल से दूसरे मिल से दूरी 40 किलोमीटर करने ,जोकि वर्तमान में 15 किलोमीटर है।,गुड़ व खांड सारी उद्योग को टैक्स के दायरे में लाने,तथा शुगर मिल से अनुमति लेकर ही कोल्हू का संचालन करने जैसे कानून तैयार किया गया जिसे जयंत चौधरी के सार्थक प्रयास से सरकार ने वापस ले लिया।जिससे गुड़ उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी ने बताया कि जयंत चौधरी के प्रयासों से ही यह सब संभव हुआ है जिसके लिए किसान उनका आभारी है।रालोद ने सदैव ही किसानों के हित में कार्य किया है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुज पहलवान, वेदवीर सिंह, मदनपाल एडवोकेट, वीरपाल सहरावत, सुधीर कुमार, विनोद कुमार, योगेंद्र सिंह, सतीश कुमार, सुधीर ठाकरान, बिट्टू, शब्बर जैदी,जितेंद्र तोमर ,भवन वीर सिंह, हनीफ अहमद, नेमपाल, महिपाल सिंह,शुभम राठी, विनीत राठी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी कंवरपाल सिंह ने की।



# अतिक्रमण से खूब परेशान दिखे मौहल्लेवासी

### गाड़ी खड़ी करने व सामान रखने से लगता है जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मोहल्ला शाहवाड़ा में पुराने प्राइवेट बस स्टैंड पर स्थित धो. बियों वाली गली के निवासियों ने दुकानदारों के द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर बुढाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। स्थानीय निवासियों नवेद, लाला, नदीम, अय्यूब, इरशाद, आसिफ, राशिद, उमरदराज, हासिम सलमानी, मेहरबान कस्सार, पुरुषोत्तम लाला और सादिक सहित अन्य लोगों ने बताया कि गली के कुछ दुकानदार अपनी गाड़ियां गली में खड़ी कर देते हैं और कुछ दुकानदार सामान बाहर निकालकर रास्ता रोक देते हैं। इससे गली से आना जाना मुश्किल हो गया है और रिक्शा तक अंदर नहीं आ पाता।

यहां के निवासियों का आरा. ेप है कि जब वे दुकानदारों को गाड़ी नही खड़ी करने और सामान नही रखने के लिए कहते हैं तो वे झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। इससे आए दिन तनाव और फसाद की स्थिति बन जाती है। पीड़ित निवासियों ने नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन से मांग की है कि उक्त गली में गाड़ियां खड़ी करने और रास्ते पर सामान रखने पर रोक लगाई जाए ताकि आम नागरिकों को परेशानी ना हो और झगड़े से भी बचा जा सके। रविवार के चलते ईओ नही मिल पाए जबकि बुढ़ाना पुलिस ने उक्त समस्या का हल शीघ्र ही करने का आ्रवासन मौहल्लेवासियों को दिया है।

## गाय लदी टाटा मैजिक को रोकने पर हंगामा

**छपार।** छत्रपति शिवाजी गोरक्षक के कार्यकर्ताओं ने हाइवे पर एक टाटा मैजिक रोक लिया जिसमें गाय लदी हुई थी ।उसे छुड़ाने को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। रविवार को संगठन के ब्लाक अध्यक्ष अंकित को सूचना मिली कि हाइवे पर पुरकाजी की ओर एक छोटे हाथी में गाय लाई जा रही है। वह अपनी टीम को लेकर बरला राजबाहे के पर पहुंचा और टाटा मैजिक को रोककर गाय छुड़ाने का प्रयास किया सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने गाय मालिक गांव छपरा निवासी आतीफ से पूछताछ की उसने बताया कि वह दुधारू गाय को पुरकाजी निवासी सईद से खरीद कर लाया है। बरला निवासी समा. जसेवी व प्रधान प्रतिनिधि परमात्मा शरण ललित त्यागी, कुक्कू, अवनीश, विशाल, विमल व संजय आदि लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग बेटी से रेप के आरोपी पिता के विरुद्ध हुई रिपोर्ट दर्ज

■ 29 मई को युवती की दादी ने दी थी पुलिस को सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में एक कलयुगी पिता के द्वारा अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता की दादी की तहरीर पर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई एक तहरीर में बतलाया कि बीती 29 मई की देर रात लगभग साढ़े 11 बजे वह अपने पुत्र आस मौहम्मद के मकान पर अपनी 16 वर्षीया पोत्री के साथ घर पर ही थी। इसी दौरान आरोपी आस मौहम्मद अपनी बेटी को जबरदस्ती कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।


दादी का कहना है कि जब उन्होंने शोर मचाया तो घर में मौजूद छोटी पोती और पोता भी जाग गए। शोर सुनकर आरोपी कुछ ही देर बाद कमरे से बाहर आया और परिजनों को धमकी देकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद पीड़िता को लेकर दादी बुढ़ाना कोतवाली में पहुंची और बुढ़ाना पुलिस को तहरीर दी। बुढाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी आस मौहम्मद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर स्थानीय पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अब पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें भी गठित की गई हैं। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एक मंदिर ऐसा जहां होती है जलेबी के जोड़े से पूजा

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** मथुरा- तीन लोक से न्यारी मथुरा नगरी में एक ऐसा भी मंदिर है, जहां पर जलेबी के जोड़े से भी पूजन होता है। श्री महालक्ष्मी जुड़ीवाली देवी के नाम से मशहूर यह देवी मंदिर यमुना किनारे गऊघाट पर लाल दरवाजा क्षेत्र में स्थित है जहां पहुंचने के लिए शहर के व्यस्ततम मार्ग चौक बाजार से होकर जाना होता है। यह मंदिर कुंवारे या कुंवारियों के लिए वरदान माना जाता है। मंदिर से जुड़े अनन्य भक्त ओर शाहपुर कस्बे के नवदीप मित्तल ने शाह टाइम्स संवाददाता भाग्य शर्मा को बताया कि ऐसी मान्यता है कि जिन युवकों या युवतियों के विवाह नही होते थे वे यहां आकर पूजा करते है और वे शादी के बंधन में बध जाते है। पूजन सामग्री में जहां दूध, कलावा, धनिया, रोली चावल, दीपक, फूलमाला जैसी पूजन सामग्री का प्रयोग होता है वहीं दो जलेबी के जोड़े तथा डंठल में जुड़ें दो केलों का होना आवश्यक है। इस मंदिर का इतिहास भी निराला है। इस मंदिर का मुख्य श्रीविग्रह स्वयं प्राकटड है।

नवदीप मित्तल ने बताया कि सैकड़ों साल पहले रघुनाथ दास को तीन दिन स्वप्न हुए थे। पहले स्वप्न में देवी ने उनसे कहा था कि वे यमुना किनारे अमुक स्थान पर मूर्ति के रूप में विराजमान हैं तथा उन्हें बाहर निकालकर पूजन करो। देवी ने यह भी कहा था कि वे जनकल्याण के लिए बाहर आना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि स्वप्न के अनुसार जब रघुनाथ दास शर्मा ने खुदाई शुरू कराई तो उसी रात फिर देवी ने उन्हें स्वप्न दिया कि फावड़े से खुदाई कराने की जगह खुरपी से धीरे धीरे खुदाई कराएं, क्योंकि यदि खुदाई के दौरान मूर्ति खडित हो गई तो उन्हें बहुत अधिक दंड भुगतना होगा तथा जिस जन कल्याण के लिए वे बाहर आना चाहती है वह कार्य पूरा न हो सकेगा। इसके बाद मूर्ति को बहुत सावधानी से खुरपी से एक एक इंच खोदकर निकाला गया। अभी इस मूर्ति के स्थापित करने और मंदिर बनाने की बात चल ही रही थी तथा कई विकल्प खोजे जा रहे थे तभी देवी ने एक बार पुनरू रघुनाथ दास शर्मा को स्वप्न दिया कि वे यहां से कहीं नही जाएंगी और जहां से उन्हें निकाला गया है ठीक उसी स्थान पर उन्हें प्रतिस्थापित कर मंदिर बनाया जाना चाहिए। इस मंदिर की प्रतिमा में देवताओं और असुरों द्वारा किए गए सागर मंथन में निकली लक्ष्मी के स्वरूप का साक्षात दर्शन है। मोहिनी स्वरूप में इस प्रतिमा में देवी जी एक कलश को दोनो हाथों से पकड़े हुए हैं तथा दोनो हाथ सिर के ऊपर हैं और कलश में अमृत भरा है जिसका पान करने के लिए सभी लालायित रहते है। श्री शर्मा के अनुसार देवी का आशीर्वाद स्वरूप अमृत उसे ही मिलता है जो पूरी श्रद्धा और पूरी निष्ठा तथा भक्ति भाव से देवी का पूजन करता है। उन्होंने बताया कि इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार दो वर्ष पूर्व कराया जा चुका है। जिन्होंने



इसका जीर्णोद्धार कराया था उनका परिवार सुखी होने के साथ भक्ति भाव में रंग गया है। महंत शर्मा के अनुसार इस मंदिर में गुरूवार और रविवार को विशेष पूजा होती है तथा शुक्रवार को वैभव लक्ष्मी की पूजा होती है। इन तीन दिनों में यहां पर अमृत की विशेष वर्षा होती है किंतु वह उस भक्त को ही मिलती है जो भक्ति से ओतप्रोत होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 वारंटी गिरफ्तार

**जानसठ।** थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ष्ऑपरेशन चक्रव्यूह तथा षमिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना जानसठ पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों एवं कानून से बचने का प्रयास कर रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी जानसठ ऋषिका सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर न्यायालय से जारी वारंटों के आधार पर 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुमित निवासी राजपुर कला थाना शाहपुर, यूनूस निवासी हरसौली थाना शाहपुर, जमशेद एवं विकास शर्मा उर्फ मोनी निवासी तिसंग, शिवा उर्फ शिव कुमार एवं अरुण कुमार निवासी तालड़ा, आसिफ निवासी मोहल्ला काजियान कस्बा जानसठ, सोमित उर्फ सोभित निवासी भलवा, नवाब निवासी बुद्ध बाजार कांशीराम कॉलोनी तथा नफीस अंसारी निवासी कवाल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारंटियों के विरुद्ध चोरी, मारपीट, धमकी, शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम, तथा अन्य आपराधिक धाराओं में मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन हैं। लंबे समय से न्यायालय द्वारा जारी वारंटों के बावजूद ये आरोपी पेश नहीं हो रहे थे, जिसके चलते पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार किया।,,थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों एवं वारंटियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। न्यायालय के आद. ेशों की अवहेलना करने वालों तथा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार सभी वारंटियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया, कि इस अभियान को सफल बनाने में उपनिरीक्षक पंकज शर्मा, उपनिरीक्षक दीपक शर्मा, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, उपनिरीक्षक अक्षय कुमार, उपनिरीक्षक विजेंद्र सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### भसाना, बवाना, बिराल में मनी अहिल्याबाई की जयंती



**बुढ़ाना।** पाल समाज के महापुरुष की जयंती रविवार को भसाना, बवाना और बिराल गांवों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। तीनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर महापुरुष को नमन किया। भसाना गांव में हुए इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे गन्ना समिति बुढ़ाना के डायरेक्टर संजीव पाल, सतपाल पाल, रामनिवास पाल, तरुण पाल, विनय पाल, श्रीपाल, संजीव पाल, राकेश पाल, सुनील पाल, धर्मवीर पाल, अमरनाथ और हरेंद्र पाल सहित समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे। वहीं बवाना में आयोजित जयंती समारोह में भी समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। यहां भी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव पाल गढमलपुर सागडी, राकेश पाल, शंकर पाल, रितिक पाल मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज को शिक्षा, एकता और सामाजिक उत्थान के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही समाज प्रगति कर सकता है। जयंती पर समाज के लोगों ने केक काटकर और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर सामूहिक भोज ग्रहण किया। यहां रामप्यारे प्रधान अध्यक्ष सफीपुर, कल्लू भसाना, धर्मवीर सैनपुर, रोशन पाल, राकेश, सुनील पाल लुहसाना, तेजिंदर पाल, शंकर पाल, पिंटू पाल, अंकित पाल, निखिल पाल और शुभम पाल आदि लोगों की मौजूदगी रही।

### अंकुर बालियान की हत्या में शामिल आरोपियों को भेजा जेल

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में गंगा किनारे युवक अंकुर की डंडों आदि से मारपीट कर निर्मम हत्या के बाद आधी रात चोरी छिपे शमशान घाट में शव का अंतिम संस्कार कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था ।रविवार को आरोपियों को जेल भेजा गया।

थाना भौंराकला क्षेत्र के सिसौली निवासी 35 वर्षीय अंकुर बालियान पुत्र बलजोर सिंह बालियान उर्फ पाल्ला की शुकतीर्थ मे नक्षत्र वाटिका के पीछे पर्यटन विभाग की ओर से कराये जा रहे निर्माणधीन गंगा घाट पर बीते शुक्रवार की रात उसके कमरे में हत्या कर दी थी। तथा निकट ही स्थित शमशान घाट पर शव ले जाकर आधी रात उसका अंतिम संस्कार करने का प्रयास किया गया था किंतु मौके पर पहुंची पुलिस ने अधजले शव को चिता से उठा लिया था । घटना के दस घण् बाद पुलिस ने क्षेत्र की गंग नहर पटरी पुरकाजी मार्ग पर मुठभेड़ के दौरान शनिवार को हत्यारोपी सन्नी निवासी इलाहाबास को घायल कर गिरफ्तार कर लिया था वहीं कार में सवार तीन अरोपी सुमित अघोरी निवासी बरला थाना छपार ,शुक्रताल ग्राम प्रधान पति राजपाल सैनी, मनमोहन शर्मा निवासी इलाहाबास को भी गिर" तार कर लिया था। रविवार को पूछताछ के उपरांत चारों आरोपियों को जेल भेजा गया। तीर्थ नगरी में गंगा किनारे युवक की निर्मम हत्या के बाद तीर्थ नगरी में भय व्याप्त है। तीर्थ वासी तथा साधु संतों ने गंगा घाट व तीर्थ नगरी में इधर इधर बैठकर शराब पीने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की है।




मुजफ्फरनगर। कूकड़ा चौराहे पर अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण करते पाल समाज के लोग।

# ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभाव बढ़ाएगा अपना दल

**पुरकाजी।** थाना क्षेत्र के गांव फलौदा, में शिव मंदिर प्रांगण में अपना दल (एस) मुजफ्फरनगर की सभा संपन्न हुई राष्ट्रीय सचिव अलका पटेल, आदेश त्यागी जिला अध्यक्ष हापुड़,जिला सचिव मेरठ बबीता देवी, जिला महासचिव मेरठ समर्थ अग्रवाल, जिला अध्यक्ष युवा मंच मेरठ नितिन पटेल अध्यक्षता ऋषिपाल केंदकी, आयोजक प्रवेश त्यागी, संचालन सुभाष त्यागी फलौदा ने किया। क्षेत्र में अपना दल एस का प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने के लिए विचार किया गया। राष्ट्रीय सचिव अलका पटेल ने किसानों , गरीबो को अंतिम पायदान तक लाभ पहुंच. ाने की बात रखी उसमे भरपूर सहयोग का बिवास दिलाया।



किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने के लिए कहा किसानों को खाद,उर्वरक की समुि. चत उपलब्धता सुनिश्चित करने व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पारदर्शी रूप से जमीन पर उतारने का भरोसा दिया।वरिष्ठ नेता राकेश आडवाणी ,एड मोहित त्यागी बरला, उद्योगपति नवीन त्यागी, रजनेश प्रधान,विकास चेयरमैन फलौदा ,मा विपिन ,रोबी, जयद्रथ त्यागी, कुलदीप,शिवकुमार, भैसानी,सन्नी गुर्जर मुखिया धमात,मा रविन्द्र गुर्जर मांडला, अक्षय मास्टर सुनील त्यागी कुतु. बपुर, सुनील मुखिया रामपाल, महेश शर्मा खाइखेड़ी, विशाल, जोनी छपार, डुप्ली घुमावटी,प्रदीप धीमान हरेंटी, रविन्द्र प्रधान लखनौती मौजूद रहे।

# पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता के विजेता पुरुस्कृत

**मुजफ्फरनगर।** सोशल वर्कर और एजुकेशनिस्ट, तहसीन अली असारवी कॉम्पिटिशन के चीफ गेस्ट थे। इसके अलावा, डॉ. सलीम सलमानी, वसीम चौधरी, साकिब त्यागी, जहांगीर खान भी गेस्ट ऑफ ऑनर थे। प्रोग्राम को हकीम अत्ता-उर-रहमान अजमली ने डायरेक्ट किया।

इस मौके पर, पंजा काम्पिटिशन जीतने वाले सभी बच्चों, मुस्करान, सोहेल, साहिल, तोहिद, लक्ष्मण, रेहान, हमजा, समीर, आदिल, किंग खान को भी सर्टिफिके, मेडल और ट्राफी दी गई। तीन और प्लेयर्स को भी सर्टिफिकेट और ट्राफी दी गई। इस मौके पर, तहसीन अली असरवी ने स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी एक्टिवली हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया, और इस बात पर ज़ोर दिया कि हेल्दी बॉडी में ही हेल्दी माइंड रहता है। हमें उम्मीद है कि आप भविष्य में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के ज़रिए अपने स्कूल और गाँव का नाम रोशन करेंगे। मिशन अजमली टीम के हकीम अत्ता-उर-रहमान अजमली ने स्टूडेंट्स से कहा कि समाज की तरक्की के लिए अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी ज़रूरी हैं।आपको हायर एजुकेशन लेनी चाहिए और अपने देश, गाँव और ज़िले का नाम रोशन करना चाहिए। इस मौके पर डा. सलीम अहमद सलमानी ने कहा कि छोटे बच्चों को अपनी सेहत का खास ध्यान रखना चाहिए। ऐसे कॉम्पिटिशन में वही बच्चे सफल हो सकते हैं जो अपनी सेहत का ध्यान रखते हैं, सही खाना खाते हैं, बुरी संगत से बचते हैं और अपनी एनर्जी बनाए रखते हैं। मास्टर तनसीर, मास्टर नौशाद, मुहम्मद शादाब कारी मुहम्मद अफ्फ़ान अजमली मुहम्मद फरहान चौधरी, जहाँगीर खान, अब्दुल्ला, मुहम्मद साद वगैरह ने काम्पिटिशन को सफल बनाने में मदद की।?




मुजफ्फरनगर। खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।

# ग्राहक नहीं आए तो कस्बे का बाजार दिखा सूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के छोटे बाजार का हाल रविवार लगभग सुबह 11 बजे भी बेहद निराशाजनक रहा। सर्राफा और ज्वैलरी की दुकानों से सजा छोटा बाजार जो आम दिनों में ग्राहकों से भरा रहता है वह रविवार के दिन सूना पडा दिखाई दिया। यहां पर मनोज ज्वैलर्स व राजा ज्वैलर्स सहित अन्य कई दुकानों के शटर तो उठे हुए दिखे लेकिन बाजार में ग्राहकों की चहल पहल नदारद ही रही। दुकानदार बाहर बैठे ग्राहक का इंतजार करते दिखे जबकि बाजार में खड़ी हुई बाइकें और ऊपर लटके तारों का जाल बाजार की बेबसी को बयां करता दिखाई जरुर दिया।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ समय से बाजार में ग्राहकी बेहद कम हो गई है। सोने चांदी के बढ़ते भाव, महंगाई और लोगों की घटती खरीद शक्ति के कारण व्यापार पूरी तरह से ठप पड़ गया है। रविवार जैसे दिन भी गली वीरान रहना इस बात का सबूत है कि छोटा बाजार इस समय पूरी मंदी की मार झेल रहा है। दुक. ानदारों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि बाजार को ग्राहकों के लिए आकर्षक बनाने और खरीदारी को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएं ताकि बुढ़ाना का छोटा बाजार फिर से रौनक में लौट सके। कुल मिलाकर



रविवार के दिन सुबह 11 बजे तक भी बुढ़ाना कस्बे के सर्राफा बाजार में दूर दूर तक भी ग्राहक दिखाई नहीं दिया और सर्राफा व्यापारी खाली खाली से बैठे हुए नजर आए।

### तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक में टक्कर

**बुढ़ाना।** मेरठ करनाल हाईवे पर रविवार दोपहर करौदा महाजन गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शामली जनपद के गांव काबडौत निवासी अनिल अपनी माता सरोज के साथ बाइक पर सवार होकर मेरठ जा रहे थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांव करौदा महाजन के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मां-बेटा बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल मां-बेटे को उपचार के लिए शामली जिला चिकित्सालय में भतह्म कराया गया है, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। फुगाना थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# ईद पर नसीम कुरैशी के यहां लगा लोगों का जमावड़ा

बुढ़ाना। ईद उल अजहा और पत्रकारिता दिवस के अवसर पर बुढ़ाना के पत्रकार नसीम कुरैशी के आवास पर बीती शनिवार की देर रात सामाजिक और राष्ट्रीय क्षेत्र की कई जानी मानी हस्तियों ने पहुंचकर पत्रकार नसीम कुरैशी को सम्मानित किया और पत्रका. रिता व समाज पर चर्चा की। सम्मान समारोह में जय हिंद मंच नई दिल्ली के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा, गृह मंत्रालय की निदेशक श्रीमती चित्रलेखा, दिल्ली पुलिस फायर ब्रिगेड के चीफ और दो बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुए धर्मपाल भारद्वाज, हवाई जहाज एसोसिएशन के अध्यक्ष और सीनियर पायलट अनिल शर्मा, उद्योगपति प्रिंस चावला सहित जय हिंद मंच की राष्ट्रीय कोर कमेटी के प्रवक्ता अनिल शर्मा द्वितीय, वरिष्ठ सदस्य नितिन पांचाल, नदीम कुरैशी और जावेद चौधरी भी शामिल हुए। मुलाकात के दौरान पत्रकारिता की मौजूदा चुनौतियों, सामाजिक सरोकारों और देशभक्ति के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी अतिथियों ने पत्रकार नसीम कुरैशी की पत्रका. रिता जगत में योगदान की जमकर सराहना की और ईद उल अजहा की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सूफियान कुरैशी, हफीज रिजवानी, समी फरियाद, हारुन सिद्दीकी, अच्छन सिद्दीकी, ज़ैद कुरैशी, शायान कुरैशी, अलीशान मंसूरी, अफनान कुरैशी, अली फरियाद, वसीम फरियाद, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना नगराध्यक्ष संजीव कुमार संगल, तहसीन आदि मौहल्लेवासी मौजूद थे।



बुढाना। नसीम कुरैशी को ईद की मुबारकबाद देने आये क्षेत्र के गणमान्य लोग।

# दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर कट की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी

**बागपत।** गांगनोली गांव में दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर कट की मांग को लेकर किसानों का धरना लगातार 22 वें दिन भी जारी है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। आसपास के क्षेत्र से भी किसानों को लगातार समर्थन मिल रहा है। किसानों के अनुसार, यदि यहां कट मिल जाता है तो आसपास के 25 गांवों के किसानों को सीधा लाभ होगा। इससे व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी, लोगों को व्यापार के अवसर मिलेंगे और दिल्ली से दूरी कम होने से युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उनका मानना है कि इससे क्षेत्र की भरपूर तरक्की होगी। किसानों ने बताया कि दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर का निर्माण शुरू होने के बाद से ही वे इस कट की मांग कर रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मिठाई विक्रेता से लूट प्रकरण में जांच को पहुंचे सीओ कैराना, घटनास्थल को जांचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेडा के मिठाई विक्रेता से लूट के बाद रिपोर्ट दर्ज ना होने के मामले मे सीओ कैराना अपने अधीनस्थो के साथ पीडित से उसकी दुकान पर मिले और घटनास्थल का मुआयना किया। सीओ हेमंत कुमार ने पीडित से अकेले मे मिलकर पूछताछ की और घटना के प्रत्येक एंगल को अच्छे से समझा। पीडित का आरोप है कि पुलिस तहरीर बदलने का दबाव बना रही है।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव दथैडा मे नेपाल सिह नाम के एक मिठाई विक्रेता की दुकान पर आये दो लोगो ने तमंचे से आतंकित करते हुए ग्यारह हजार की नगदी को लूट लिया था। आरोप है कि घटना की शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने जांच के नाम पर एक महीने से समय टाल दिया। इसके बाद 16 मई को पीडित अन्य ग्रामीणों के एसपी से मिले तो जांच का अश्वासन मिला लेकिन मुकदमा दर्ज नही हो सका। जिस पर पीडित फिर से चौकी प्रभारी संदीप यादव से मिले और मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। पुलिस ने दो दिन का समय मांगा और दुकान खोलकर अपना काम करने की हिदायत दी। पीडित ने बताया कि जैसे ही दुकान खोली तो आरोपियो ने फिर से आकर धमकाया और पुलिस कार्यवाही होने पर अंजाम भुंगतने की धमकी दी। पीडित व्यापारी ने फिर से पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने सीसीटीवी देखे, जिसमे आरोपी आते हुए दिखाई पडा। पर कार्यवाही के नाम पर नतीजा जीरो रहा। पीडित का दावा है कि 22 मई को ही आरोपी ने डराने की नीयत से दुकान से 150 मीटर दूर शराब की दुकान पर खडे होकर तमंचे से हवाई फायरिंग की लेकिन चौसाना पुलिस फिर भी मौन रही। शनिवार को नेपाल सिंह ने सीओ हेमंत कुमार को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। पीडित का दावा है कि तहरीर बदलकर मुकदमा दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। पीडित का कहना है कि चौकी प्रभारी संदीप यादव ने पीडित को फोन कर चौकी बुलाया पर पीडित से आने से इंकार कर दिया।

### जांच से दूर रही चौसाना पुलिस

चौसाना। व्यापारी से लूट होने के बाद एक महीने तक भी कार्यवाही न होने और पीड़ित के रोष पर दुकान को अनिश्चित काल के लिए बंद करने की पोस्टर बाजी की जांच शासनस्तर से होने कारण सीओ कैराना हेमंत कुमार दो गाड़ियों में अधीनस्थों के साथ पीड़ित से मिले।इस दौरान चौसाना पुलिस से दूरी बनाये रखी गई। गोपनीयता से पीड़ित से सीओ कैराना ने पूछताछ की।चौसाना पुलिस से दूरी इस बात के संकेत है कि चौसाना पुलिस पर लापरवाही के कारण गाज गिर सकती है।

## आंखों के सामने ट्यूबवैल का सामान लूट ले गए आरोपी

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव खेड़ी खुशनाम में एक वृद्ध किसान दबंगों की दबंगई का शिकार हो गया। आरोप है कि दो दबंग युवक किसान के सामने ही ट्यूबवेल का ताला तोड़कर हजारों रुपये मूल्य का सामान उठाकर ले गए और विरोध करने पर हत्या की धमकी भी दी। घटना के बाद किसान और ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार गांव खेड़ी खुशनाम निवासी 65 वर्षीय प्रेम पुत्र बलदेव शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे अपने खेत पर पहरा दे रहे थे। इसी दौरान गांव के दो व्यक्ति वहां पहुंचे और ट्यूबवेल का ताला तोड़कर उसमें रखे स्टार्टर, कटआउट और ऑपरेटर को निकालकर ले जाने लगे। वृद्ध किसान ने उन्हें रोकने का प्रयास किया और विरोध जताया, लेकिन आरोप है कि दबंगों ने हथौड़ा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। भयभीत किसान को मजबूरन पीछे हटना पड़ा और आरोपी सामान लेकर फरार हो गए। रविवार सुबह पीड़ित किसान कुछ ग्रामीणों के साथ चौसाना पुलिस चौकी पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों का कहना है कि किसान द्वारा आरोपितों को खेत का पानी देने से मना किया गया था, जिसके चलते उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। उनका आरोप है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आरोपितों के हौसले बुलंद हो गए हैं। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर किसान को सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

## एक नजर......

### बच्चों के खेल के विवाद में आठ वर्षीय मासूम से मारपीट

**कैराना।** मोहल्ला अफगानान निवासी शौकत पुत्र असगर ने कोतवाली कैराना में दर्ज कराई तहरीर में बताया कि 29 मई की शाम करीब आठ बजे उनका पुत्र अब्दुल आहद मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान खेल-खेल में बच्चों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि बच्चों के विवाद की जानकारी मिलने पर मोहल्ले का ही अनीस पुत्र जरीफ मौके पर पहुंच गया। आरोपित ने गुस्से में आकर आठ वर्षीय अब्दुल आहद के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उसने बच्चे को उठाकर कई बार जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आई और वह बेहोश हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आरोपी के चंगुल से बच्चे को छुड़ाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि समय रहते लोग नहीं पहुंचते तो बच्चे को और गंभीर चोट लग सकती थी। पीड़ित के पिता का आरोप है कि जब वह मौके पर पहुंचे और आरोपी को ऐसा करने से रोका तो उसने उनके साथ भी गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल

**शामली।** थानाभवन निवासी जयकुमार अपने बेटे मोतीराम, बहू बबीता और 10 वर्षीय पौत्र पंकज के साथ बाइक से गांव लिसाढ़ गए थे। वहां मोतीराम के लिए एक रिश्ते की लड़की देखने के बाद सभी लोग दोपहर में वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक तहसील के निकट बनत चौराहे पर पहुंची, तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आदर्श मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध जयकुमार और मोतीराम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया, जबकि बबीता और पंकज का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सेवानिवृत्त निरीक्षक संजय त्यागी को पुलिस लाइन में भावभीनी विदाई

**शामली।** अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर रविवार को पुलिस लाइन शामली में निरीक्षक संजय त्यागी को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस सेवा जनसुरक्षा एवं जनसेवा का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि निरीक्षक संजय त्यागी ने अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ जो कार्य किया है, वह सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त निरीक्षक संजय त्यागी को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके सुखद, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पूरे समारोह में भावुकता एवं सम्मान का वातावरण देखने को मिला, जहां सहकर्मियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें विदाई दी।

### धमकी देने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**शामली।** गांव बंतीखेड़ा निवासी सागर ने बाबरी थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 26 मई की शाम करीब आठ बजे गांव के ही सावन और उसके पिता तेजपाल ने बिना किसी कारण के उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद जाते समय दोनों आरोपियों ने उसे धमकी दी कि यदि उसने पुलिस में शिकायत की तो उसे और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सावन और तेजपाल निवासी बंतीखेड़ा के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं

**शामली।** एसपी शामली के निर्देश पर जनपद में ''नो हेलमेट, नो फ्यूल'' अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को यातायात प्रभारी निधि चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बनत चौराहा, कैराना बस अड्डा, विजय चौक, फव्वारा चौक, धीमानपुरा फाटक, शिव चौक, अंजता चौक तथा रोडवेज बस अढा सहित कई स्थानों पर वाहन चालकों को रोककर जागरूक किया गया। पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात प्रभारी निधि चौधरी ने कहा कि ''नो हेलमेट, नो फ्यूल'' नियम का उद्देश्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में बुखार व नजला-खांसी के मरीजों की संख्या रही अधिक

**शामली।** मोहल्ला बरखंडी स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित आरोग्य मेले में डॉ. दीपांशु चौधरी ने मरीजों की जांच की। मेले में कुल 39 मरीज पहुंचे, जिनमें 21 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाएं दी गईं। फार्मासिस्ट मनु शर्मा ने बताया कि मेले में बुखार के सात, खांसी-जुकाम के 11, एलर्जी के तीन, ब्लड प्रेशर के दो तथा अन्य बीमारियों के सात मरीजों की जांच की गई। इसी प्रकार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंसारियान में आयोजित मेले में डॉ. सादिया सदफ ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। फार्मासिस्ट विकास कौशिक ने बताया कि यहां कुल 51 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 21 गर्भवती महिलाएं शामिल रहीं। मेले में बुखार के पांच, शुगर के चार, ब्लड प्रेशर के तीन, एलर्जी के चार, सांस के एक तथा गैस व पेट संबंधी समस्याओं के दो मरीज पहुंचे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर विशाल भंडारा

**चौसाना।** कस्बे के मुख्य बाजार में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जय भारत किसान इंटर कॉलेज के सामने तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा के लिए प्रशासन की अनुमति ना मिलने के कारण कार्यक्रम स्थगित रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन-पूजन के साथ हुआ। विद्वान पंडित नवनीत कुमार गौतम ने मुख्य यजमानों से विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न कराया। हवन की पूर्णाहुति के बाद दोपहर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में चौसाना सहित आसपास के अनेक गांवों से पहुंचे लोगों, श्रद्धालुओं तथा राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों के लिए भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं समाज के युवाओं और पदाधिकारियों द्वारा संभाली गईं।

भंडारा शाम करीब साढे तीन बजे तक लगातार चलता रहा। इस दौरान आयोजित सभा में सम्मानित लोगो ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों और जनकल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरानं विक्की कुमार, पिंकू कुमार, बिटू पाल, प्रिंस पाल, सचिन कुमार, शालू लाला, राजू पाल, सनी पाल सहित पाल समाज के अनेक युवाओं एवं गणमान्य लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# सपा ने धूमधाम से मनाई महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर रविवार को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला।



शहर के करनाल रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ताना ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन साहस, त्याग, सेवा और लोककल्याण की भावना का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने बताया कि पति और पुत्र के निधन के बाद भी अहिल्याबाई ने अद्भुत धैर्य, कुशल नेतृत्व और करुणा के साथ राज्य का संचालन किया तथा कठिन परिस्थितियों में भी प्रजा के हितों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में सशक्त एवं निष्पक्ष न्याय व्यवस्था स्थापित की। साथ ही धर्मनिरपेक्षता, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य किया। उनके योगदान को देश आज भी सम्मान के साथ याद करता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और वर्तमान पीढ़ी को उनके विचारों एवं कार्यों से सीख लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ठाकुर शेर सिंह राणा, सतीश चौयरमेन नोजल, चौधरी कलीम हसन, पूर्व चेयरमैन दीपा पंवार, चौधरी शमशेर जंग, ठाकुर जमीर चौहान, इमरान राणा, चौधरी अश्वनी गुर्जर, बसंत धारियां, राजन तेजान, रविंद्र जोगी, राव इकराम, विजियंत दहिया, चिराग दहिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रास्ते पर कब्जे के विवाद में घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव बीनड़ा निवासी योगेश चौहान ने कोतवाली कैराना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पड़ोसी दीपक, विनय और सहेन्द्र पैतृक भूमि में स्थित आम रास्ते पर कब्जा करने की नीयत रखते हैं। पीड़ित के अनुसार सात मई को दोपहर करीब 12 बजे आरोपी उसके घर के मुख्य गेट को तोड़ने लगे। शोर सुनकर जब वह और उसकी पत्नी मौके पर पहुंचे तथा विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर पत्नी के साथ भी अभद्रता की गई और मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि 16 मई को भी आरोपियों ने दोबारा गाली-गलौज की और घर के सामने दीवार बनाकर रास्ते पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। पीड़ित ने दावा किया है कि घटना से संबंधित कुछ बातचीत और धमकियों की रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल फोन में मौजूद है। योगेश चौहान ने पुलिस से परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## काबड़ौत जनसभा को सफल बनाने में जुटा रालोद, जनसंपर्क अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की 10 जून को काबड़ौत में प्रस्तावित जनसभा को सफल बनाने के लिए पार्टी संगठन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में रविवार को रालोद के शामली जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनसभा की तैयारियों और व्यापक जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि शामली जिले को गांव, कस्बों और शहरों के आधार पर अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा तथा प्रत्येक क्षेत्र की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक संपर्क स्थापित किया जा सके। पार्टी नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संपर्क करेंगे और उन्हें केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के विचारों एवं कार्यक्रमों को सुनने के लिए जनसभा में पहुंचने का आमंत्रण देंगे। बैठक में यह भी विश्वास व्यक्त किया गया कि काबड़ौत में होने वाली यह जनसभा ऐतिहासिक साबित होगी और जिले से भारी संख्या में लोग इसमें शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि जनसभा को सफल बनाने के लिए संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटा हुआ है। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, विधायक प्रसन्न चौधरी, वीर सिंह मलिक, सतबीर कुमार, देशराज भनेड़ा, विक्रांत जावला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त अध्यक्ष मेहताब शानू का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर में रविवार को नवनियुक्त अध्यक्ष मेहताब शानू का समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शहर के शामली रोड पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया।



स्वागत समारोह के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष का नगर के एक अखबार कार्यालय पर भी पत्रकारों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जहां उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर में ''मीडिया एकता एसोसिएशन'' संगठन के गठन की घोषणा भी की गई, जिसे लेकर पत्रकारों एवं स्थानीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा संगठन के गठन को पत्रकार हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के संगठन से पत्रकारों में एकजुटता बढ़ेगी और उनके हितों की रक्षा को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर नगर में खुशी का माहौल रहा और लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष मेहताब शानू को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नदीम भाई, सुहैब, मोनू, असलम, सलमान, मोहम्मद अली, नरेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन को नगर में सामाजिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल बताया।

# चोरी की बाइक व हथियार सहित दो वाहन चोर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना / बिडौली।** थाना झिंझाना पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, अन्य चोरी की गई मोटरसाइकिलों के पार्ट्स, अवैध तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र में हाल ही में हुई तीन मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के संबंध में मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपितों की तलाश में अभियान चलाया जा रहा था। रविवार को संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान थाना पुलिस ने ग्राम सिंगरा मोड़ के निकट खोकसा मार्ग से रितिक पुत्र समन्दर और अजय पुत्र नारायण उर्फ नाना निवासी खोकसा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपितों के पास से बिना नंबर प्लेट की एक चोरी की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल, तीन मोटरसाइकिलों के टायर मय रिम, दो नंबर प्लेट, एक 12 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में बरामद सामान का संबंध क्षेत्र में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमों से पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल राहुल सिंह, हेड कांस्टेबल दीपेंद्र कुमार तथा कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।



# सड़क से संसद तक संघर्ष करेगा संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक रविवार को शहर के एक हाउस में संगठन के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से संबंधित उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।



बैठक का संचालन संगठन के संरक्षक राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने किया। इस अवसर पर संगठन के महामंत्री प्रवेंद्र कुमार ने टीईटी मामले में आए न्यायालय के निर्णय की जानकारी देते हुए शिक्षकों से एकजुट रहने का आहवान किया। जिला संयोजक बृजेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जनपद का कोई भी शिक्षक निराश या हताश न हो। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अभी संसद के दरवाजे खुले हैं और शिक्षक समाज अपनी मांगों को लेकर संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में संसद द्वारा बनाए गए कानून में आवश्यक संशोधन कराने के लिए शिक्षक संगठन सड़क से संसद तक आंदोलन करने को तैयार है। राष्ट्रीय, प्रदेश और जनपद स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा जल्द ही शिक्षकों के बीच साझा की जाएगी। संगठन का उद्देश्य शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है। महामंत्री प्रवेंद्र कुमार ने कहा कि यह मुद्दा केवल शिक्षकों के भविष्य से ही नहीं, बल्कि उनके बच्चों और देश के करोड़ों विद्यार्थियों के हितों से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए शिक्षक समाज हर स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार है। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने संगठन के साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया। बैठक में कवरपाल सिंह, रविंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, उमेश कुमार, लोकेश कुमार, विक्रम सिंह, नदीश शर्मा, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र गोस्वामी और सुदेश कुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## शुभ मुहूर्त निकलवाकर लौट रहे परिवार का टैंपो हादसे का शिकार, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बेटी की शादी के लिए शुभ मुहूर्त निकलवाकर लौट रहे एक परिवार का टेंपो सड़क हादसे का शिकार हो गया। शामली-बनत मार्ग पर हाईवे किनारे खड़े एक टेंपो से हुई भीषण टक्कर में महिला और बच्चे समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना भवन निवासी विकास कुमार अपने बड़े भाई जैगवार मोती, मोतीराम, उनकी पत्नी बबीता तथा छोटे बेटे पंकज के साथ रविवार को टेंपो से गांव लिसाढ़ गए थे। परिवार बेटी की शादी के लिए एक पंडित से शुभ मुहूर्त निकलवाने पहुंचा था। मुहूर्त निकलवाने के बाद सभी लोग वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि शामली के निकट बनत चौराहे पर हाईवे पर एक टेंपो खड़ा था। इसी दौरान चालक को खड़ा वाहन समय रहते दिखाई नहीं दिया और तेज रफ्तार टेंपो उसकी पीछे से जोरदार टक्कर मार बैठा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और डायल-108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल जैगवार मोती और मोतीराम को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया गया है कि मोतीराम के पैर की हड्डियां बुरी तरह टूट गई हैं।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# जहरीले धुएं के खिलाफ फूटा जनता का आक्रोश

- टायर फैक्ट्री के गेट पर ग्रामीणों का हल्लाबोल, फैक्ट्री बंद कराने की उठाई मांग
- एक साल से प्रदूषण झेल रहे ममौर-सहपत के लोग, कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन
- सांस और एलर्जी के मरीज बढ़ने का दावा, फसलें बेकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ममौर स्थित टायर फैक्ट्री से फैल रहे कथित प्रदूषण के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्राम ममौर और सहपत के दर्जनों ग्रामीण फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर एकत्र हुए और धरना-प्रदर्शन करते हुए फैक्ट्री को बंद कराने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और राख के कारण क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य और किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

धरने पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले करीब एक वर्ष से इस समस्या के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। कई बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ममौर स्थित एसआर प्रोसेस नामक टायर फैक्ट्री की चिमनियों से निकलने वाला धुआं और राख आसपास के गांवों तक पहुंच रही है। इसके कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी



और अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का दावा है कि बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है। वहीं किसानों ने भी फैक्ट्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका आरोप है कि चिमनियों से निकलने वाली राख खेतों में खड़ी फसलों पर जम रही है, जिससे फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि लगातार हो रहे नुकसान के कारण उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो खेती-किसानी पर गंभीर संकट



खड़ा हो सकता है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खिलाफ भी नारा. जगी जाहिर की। उनका कहना था कि यदि संबंधित विभाग समय पर कार्रवाई करता तो उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक फैक्ट्री के संचालन पर रोक लगाने की भी मांग की गई।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर उठे सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि एक वर्ष से लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। उनका कहना है कि निरीक्षण के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं, जबकि जमीनी स्तर पर समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### दो फैक्ट्रियों के बीच घुट रही जिंदगी

ग्रामीणों का कहना है कि ममौर और सहपत क्षेत्र के लोग इस समय शुद्ध हवा के लिए तरस रहे हैं। क्षेत्र में संचालित दो टायर फैक्ट्रियों के कारण लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि सांस, एलर्जी और अन्य बीमारियों के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर एसडीएम कैराना तक शिकायतें भेजी गईं, लेकिन समाधान नहीं निकल सका।

### एनसीआर क्षेत्र में फैक्ट्री संचालन पर भी सवाल

ग्रामीणों के बीच यह चर्चा भी है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के संचालन को लेकर सख्त नियम लागू हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि क्षेत्र में प्रदूषण संबंधी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं तो संबंधित विभागों ने समय रहते इसकी गंभीरता को क्यों नहीं समझा। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।बड़ा सवाल यह है कि जब ग्रामीण पिछले एक वर्ष से प्रदूषण की शिकायतें कर रहे हैं तो आखिर संबंधित विभागों ने अब तक क्या कदम उठाए? यदि सब कुछ मानकों के अनुरूप है तो लोगों में इतना आक्रोश क्यों है? इन सवालों का जवाब अब प्रशासनिक जांच और विभागीय कार्रवाई के बाद ही सामने आयेगा।

## आत्मचिंतन, प्रेम और संस्कार ही सुखी परिवार की नींव : जैन मुनि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर स्थित जैन धर्मशाला में अपने प्रवास के अंतिम दिन आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विनिश्चय सागर महाराज ने कहा कि आत्मचिंतन, प्रेम और संस्कार ही सुखी एवं समृद्ध परिवार की वास्तविक नींव हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अधिकांश लोग सुख, शांति और सुकून की तलाश भौतिक साधनों एवं बाहरी संसाधनों में कर रहे हैं, जबकि स्थायी शांति और आनंद आत्मज्ञान तथा आत्मचिंतन से ही प्राप्त होता है। आचार्य श्री ने कहा कि तीर्थ यात्रा, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान मन को प्रसन्नता प्रदान करते हैं, लेकिन जब तक व्यक्ति स्वयं को समझने और अपने भीतर झांकने का प्रयास नहीं करता, तब तक उसे जीवन के वास्तविक सुख की अनुभूति नहीं हो सकती। आत्मचिंतन ही मनुष्य को संतोष, आत्मविश्वास और सच्चे आनंद की दिशा में अग्रसर करता है। मधुर वाणी और विनम्र व्यवहार रिश्तों को मजबूत बनाते हैं, जबकि कटु शब्द दूरियां पैदा करते हैं। उन्होंने परिवारों में प्रेम, सम्मान और सकारात्मक सोच बनाए रखने का आहवान किया।

## फर्जी सीआईए अधिकारी की तलाश में पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।बिडौली** के मेडिकल स्टोर संचालक को डराकर रंगदारी मांगने वाले फर्जी सीआईए अधिकारी को तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस पकडने मे नाकाम साबित हो रही है। फर्जी सीआईए अधिकारी शामली पुलिस के अधिकारियों को लगातार गच्चा दे रहा है। बता दे कि रंगदारी प्रकरण मे पीडित पक्ष व आरोपियों को शान्तिभंग मे चालान करके चौसाना पुलिस की पहले ही बहुत फजीहत हो चुकी है। अब आरोपी को पकडने मे पुलिस की नाकामी जगजाहिर है।

चौसाना चौकी पर बीते 26 मई को बिडौली के एक मेडिकल स्टोर संचालक को डराकर चौसाना मे पॉच लाख की रंगदारी पर विवाद हो गया था। झगडे के बाद पुलिस ने दोनो पक्षो को पकड लिया और जांच पर सच्चाई सामने आई तो पुलिस ने तहरीर ना मिलने का हवाला देते हुए दोनो पक्षो के तीन लोगो का शान्तिभंग मे चालान कर दिया। मामला गम्भीर होने के कारण मीडिया ने पुलिस के उच्चाधिकारियो को घटना से अवगत कराया। बैकफुट पर आई पुलिस ने आनन फानन मे आवेश पुत्र इस्लाम निवासी दौलतपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर व विकास पुत्र भीम सिंह निवासी मनोहरपुर थाना इंद्री जिला करनाल के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज कर लिया और कार्यवाही करते हुए आवेश पुत्र इस्लाम निवासी दौलतपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर जैल भेज दिया। घटना मे मुकदमा दर्ज हुए तीन दिन बीत गए है लेकिन घटना का मुख्यारोपी फर्जी सीआईए अधिकारी विकास पुत्र भीम सिंह निवासी मनोहरपुर थाना इंद्री जिला करनाल चौसाना पुलिस की गिरफ्त से अभी भी दूर बना हुआ है।

यह कहना कोई अतिश्योक्ति नही होगा कि फर्जी सीआईए अधिकारी चौसाना पुलिस को जमकर गच्चा दे रहा है और पुलिस नाकाम बनी हुई है।

## घर लौट रही महिला को बाइक सवारों ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** खेडी खुशनाम की सुशीला पत्नी विक्रम सिंह चौसाना किसी काम से आई थी। सुबह करीब साढे ग्यारह बजे काम निपटाकर गांव लौट रही थी। तभी जैसे ही गांव के बस स्टेंड पर उतरी तो विपरित दिशा से आ रही बाइक ने पीडिता को टक्कर मार दी। जिससे पीडिता सडक पर जा गिरी और लहुलुहान हो गई। पीडिता के दोनो पैर,हाथ टूट गए और सिर मे सात टांके आने के कारण अस्पताल मे भर्ती है। पीडिता के बेटे ने रविवार को पुलिस चौकी पहुँचकर कार्यवाही की मांग की है।

## दवाई लेने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

थानाभवन। जनपद बागपत के गांव बिजरोल निवासी विकेंद्र पुत्र रमेश अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी-17 एफ-6991 से रामपुर मनिहारान स्थित रिश्तेदारी में गए थे। रविवार को वह वहां से वापस अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में थानाभवन के चरथावल बस स्टैंड पर पहुंचने के बाद उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी कर दी और दवाई लेने के लिए कस्बे के अंदर चले गए। कुछ समय बाद जब वह दवाई लेकर वापस लौटे तो उन्हें अपनी मोटरसाइकिल निर्धारित स्थान पर नहीं मिली। पहले उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की और स्वयं भी काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने थानाभवन थाने पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी और लिखित तहरीर सौंपते हुए बाइक बरामद करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

थानाभवन। पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर वांछित अभियुक्त श्रीपाल पुत्र हुकुमचंद, निवासी ग्राम मनट, थाना थानाभवन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई लगातार चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई, जिसका उद्देश्य न्यायालय से फरार चल रहे वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करना है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## अवैध शराब और चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गढ़ीपुख्ता पुलिस ने चेकिंग के दौरान अजित उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेन्द्र, निवासी गांव गंदेवड़ा, थाना गढ़ीपुख्ता को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ऋषिपाल पुत्र फूल सिंह, निवासी गांव गंदेवड़ा, थाना गढ़ीपुख्ता बताया। दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया ह।

## 'मन की बात' सुनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा के कैंप कार्यालय पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आनंद पुंडीर, जिला मंत्री बृजेश वाल्मीकि, थानाभवन मीडिया प्रभारी आशीष सिंघल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की उपलब्धियों, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, युवा शक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए, जिन्हें उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गंभीरता से आत्मसात किया। कार्यक्रम के पश्चात मंडल प्रभारी आनंद पुंडीर ने कहा कि 'मन की बात' आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशभर में हो रहे प्रेरणादायी कार्यों को मंच प्रदान कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। यह कार्यक्रम नागरिकों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास और आत्मनिर्भर हो रहा है।

## महिला की मौत मामले में अस्पताल संचालक व चिकित्सक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** महिला की मौत के मामले में निजी अस्पताल संच. ालक और संबंधित चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी (सीएमओ) ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी है। इस कार्रवाई के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

थानाभवन क्षेत्र के गांव उस्मानपुर निवासी छत्रपाल ने अपनी पत्नी की मौत के संबंध में शामली कोतवाली में दिल्ली रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल के संच. ालक और संबंधित चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान गंभीर लाप. रवाही बरती गई, जिससे महिला की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है। मृतका के दो छोटे बच्चों के सिर से मां का साया उठ जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की जांच टीम गठित की है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जांच कमेटी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसी बीच थानाभवन ब्लॉक के गांव मानकपुर निवासी रज्जू राणा ने भी एक निजी अस्पताल पर प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार महिला की हालत बिगड़ने पर उसे पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां करीब 20 यूनिट रक्त चढ़ाने के बाद उसकी जान बच सकी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि निजी अस्पतालों पर समय-समय पर लापरवाही के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## आवारा कुत्तों के झुंड ने बालक पर किया हमला, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव सिक्का निवासी मुर्तजा का 11 वर्षीय पुत्र नवाजिश घर से बाजार सामान लेने गया था। सामान खरीदकर वापस लौटते समय रास्ते में आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। कुत्तों ने बालक को जमीन पर गिराकर नोचना शुरू कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों को खदेड़कर बालक को उनके चंगुल से बचाया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल बालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शामली में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ उसे रैबीज का इंजेक्शन लगाया। सिर और कान पर गंभीर घाव होने के कारण बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार सीएचसी में प्रतिदिन लगभग 30 लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं, जो क्षेत्र में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक की गंभीरता को दर्शाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से जल्द अभियान चलाकर आवारा कुत्तों पर नियंत्रण करने की मांग की है।

## देश की सांस्कृतिक धरोहर को संवारने वाली महान शासक थीं अहिल्याबाई होल्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर केवल एक सफल शासक ही नहीं, बल्कि जनकल्याण, सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण की प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनक. ाल में धर्म, समाज और मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। देश के विभिन्न तीर्थस्थलों पर मंदिरों का निर्माण, घाटों का जीर्णोद्धार, कुओं और बावड़ियों



का निर्माण तथा यात्रियों के लिए सुविधाओं का विकास उनके दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम सहित अनेक धार्मिक स्थलों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके कारण आज भी उनका नाम सम्मानपूर्वक लिया जाता है। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई ने समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सेवा को अपना धर्म माना। उनके शासन में जनहित सर्वोपरि रहा और उन्होंने प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया। वे ऐसी शासक थीं जिन्होंने सत्ता को वैभव का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी देश की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा, सद्भाव और समर्पण की भावना को मजबूत किया जा सकता है। अरविंद शर्मा ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गजराज सिंह, डा. वीसी शर्मा, रश्मि चौधरी, विनोद कर्दम, सुशील शास्त्री, दीपक मोघो, अफजाल आढ़ती समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अब्दुलापुर जाने वाली सड़क का विधायक ने फीता काटकर किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के काशीराम आवास से गांव अब्दुलापुर के लिए जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का विधायक द्वारा विधिवत रुप से फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने भाजपा सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का बखान किया।

शनिवार को नगर के काशीराम आवास से गांव अब्दुलापुर के लिए जाने वाली करीब ढाई किलो मीटर सड़क के निर्माण कार्य का का विधायक हरेंद्र तेवतिया ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 205.73 लाख रुपये से किया जाएगा। उन्हेंने बताया कि सड़क निर्माण से गांव अब्दुलापुर के लिए



जाने वाले लोगों को काफी राहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने क्षेत्र में काफी विकास कराने का काम किया है। वहीं जिला मंत्री पिंकी त्यागी ने कहा कि गंगा नगरी में विकास कराना सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली प्राथमिकता है। भाजपा सरकार में ही गढ़ विधान सभा क्षेत्र में विकास की गंगा बही है। इससे लोगों को काफी लाभ मिला है। वहीं गांव अब्दुलापुर ग्राम प्रधान टीकम सिंह ने बताया कि गांव के लिए सड़क बनने से गांव के लोगों को कई वर्ष से हो रही परेशानी से निजात मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों की काफी समय से सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी जो अब पूरी हो गई है। इस अवसर पर सुभाष प्रधान, योगेंद्र तंवर, डाक्टर हर्षवर्धन, रामौतार राजौरा, गोपाल ठाकुर, अंकुर त्यागी, दीपक शर्मा समेत आदि मौजूद रहें।

## दस लाख की रंगदारी मांगकर हत्या करने की धमकी देने वाला बदमाश, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव न्याजपुर खय्या निवासी एक व्यक्ति ने क्षेत्र के गांव बिरसिंगपुर निवासी कुख्यात बदमाश अशोक प्रधान पर दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है।

पीड़ित का आरोप है कि रंगदारी न देने पर उसको चार दिन में मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उसको गांव बिरसिंगपुर निवासी अशोक प्रधान द्वारा धमकी दी है, धमकी में उल्लेख किया है कि यदि उसने चार दिन में उसको 10 लाख रुपये की फिरौती नहीं दी तो उसको जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने उल्लेख किया है कि आरोपी एक कार लेकर चलता है, जिसके साथ चार से पांच लोग हथियार लेकर चलते है। पीड़िता न बताया कि धमकी के बाद से वह भयभीत है। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि आरोपी अशोक प्रधान के खिलाफ रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरा. ेपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर लाखों श्राद्धलुओं ने किया गंगा में स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ज्येष्ठपूर्णिमा के पावन पर्व पर रविवार को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से गंगा नगरी, पूठ और कच्चे घाट सहित करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते बृजघाट गंगा नगरी के घाट हर हर गंगे के उद्घोषों से गूंज उठे। बृजघाट गंगा नगरी में सुबह के समय भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के अमृत परिसर मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे हैं। इस अवसर पर स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व रहा। गंगा नगरी के पुरोहितों ने इसके आध्यात्मिक महत्व को समझाया। तीर्थ पुरोहित राजकुमार शर्मा लालू ने कहा, आज हम इसे (अधिक मास) या (भगवान पुरुषोत्तम मास) कहते हैं। आज के दिन गंगा स्नान और दान करने से उनकी समस्त मनोकामनाएं और इच्छाएं पूर्ण होती हैं और उनके अनुष्ठान संपन्न होते हैं। शास्त्रों के अनुसार अधिक मास की पूर्णिमा का दिन बेहद शुभ व खास माना जाता है। इस अवसर पर विष्णु सहस्रनाम पाठ, हरिवंश पुराण, पुरुषोत्तम मास कथा का श्रवण, दान-पुण्य और गंगा स्नान (या घर पर स्नान) करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। भगवान विष्णु को प्रिय पुरुषोत्तम मास आध्यात्मिक उन्नति के साथ ही पुण्य प्राप्ति का भी उत्तम अवसर माना जाता है। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर बृजघाट गंगा नगरी में रविवार को लाखों श्रद्धालुओं ने



गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते अलहबक्शपुर टोल प्लाजा से लेकर गंगा पुल तक भीषण जाम लग गया। वहीं पुलिस जाम खुलवाने के लिए हाइवे पर भारी मशक्कत करती हुई दिखाई दी।

## दोलत गिरी पर हमले के मामले में पुलिस को सफलता, एक बाल अपचारी समेत दो दबोचे

**पिलखुवा।** गांव खेड़ा में युवक दोलत गिरी पर धारदार हथियार से हुए जानलेवा हमले के मामले में पिलखुवा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक बाल अपचारी सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू और ई-स्कूटी भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, गांव खेड़ा निवासी दोलत गिरी पर कुछ दिन पूर्व धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थाना पिलखुवा में मुक. दमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिलखुवा पुलिस ने धौलाना रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मामले में वांछित कुनाल पुत्र बिल्लू निवासी ग्राम खेड़ा और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू और ई-स्कूटी भी बरामद कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं बाल अपचारी को किशोर न्याय अधिनियम के तहत संबंधित बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। थाना प्रभारी का कहना है कि घटना के बाद टीमों का गठन कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी गई थी।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** प्रभा गार्डन युवा ब्राहमण समाज संगठन द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैड बाजे व ढोल ढ़माकों के साथ भगवान परशुराम शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में रथ पर सवार भगवान परशुराम व साथ चल रहे अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



बाइपास मार्ग स्थित प्रभा गार्डन युवा ब्राहमण समाज संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी श्री चंद शर्मा ने कहा कि अपने कार्य को मजबूती से करों तथा समाज को आगे बढ़ाओ। उन्होने कहा कि हम अपने संस्कार व संस्कृति को भूल रहे हैं जो ठीक नहीं है। उन्होने बड़ों का सम्मान करने की सीख दी। उन्होने कहा कि हम सब भगवान परशुराम के वंशज है। उन्होने धर्म की रक्षा के लिए आताताईयों का संहार किया था। उन्होने कहा कि समाज भगवान परशुराम को अपना आदर्श मानें, रावण जैसे व्यक्ति को नहीं। कार्यक्रम को रामकुमार शर्मा, युवा ब्राहमण समाज संगठन के अध्यक्ष अभिषेक कौशिक ने भी संबोधित किया। सभी ने समाज से बुराईयां दूर करने, समाज को मजबूत करने की अपील के साथ संस्कारों से दूर न होने की बात कही। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। अध्यक्षता बृजपाल शर्मा व संचालन मनमोहन शर्मा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व निरीक्षण भवन से बैड बाजे व ढोल ढ़माकों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में रथ पर सवार भगवान परशुराम व साथ चल रहे अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अमित, प्रवीण, अंकित, राजीव, प्रिंस शर्मा, शुभम, वासु, निखिल कौशल, शिव कुमार, अरुण आदि शामिल रहे।

# गिरफ्तारी के आश्वासन पर धरना समाप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** आजाद समाज पार्टी ने कश्यप समाज के लोगो को इंसाफ दिलाने व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाने मे धरना प्रदर्शन किया। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजनें की मांग की। वही थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया जिसके बाद कार्यकर्ताओ ने धरना समाप्त किया।

जानकारी के अनुसार रविवार के दिन थाना परिसर मे दोपहर के समय आजाद समाज के दर्जनों कार्यकर्ता कश्यप समाज के लोगो के साथ पहुँचे। सप्ताह भर पूर्व चौरा खुर्द मे दो पक्ष के लोगो के साथ विवाद हो गया था जिसमे कश्यप समाज द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसपर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ का कहना है की मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आजतक पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है। कार्यकर्ताओ के बीच पहुँचे थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया किया जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राव तहमूर, विनोद कुमार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कुलदीप चोपडा, सुनील कुमार, गौतम, मनपाल सिंह, मोहित कुमार, बलिदान, सावेज अली मौजूद रहे।

## स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था धराशायी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** दिल्ली देहरादून हाईवे रात में अंधेरे में डूबा रहता हैं। हाईवे पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था धराशायी है।

हाइवे पर कई जगह पर स्ट्रीट लाइट अभी तक जली ही नहीं है जिसमे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर पोल तो खड़े हैं, लेकिन लाइटें बिल्कुल नहीं जल रहीं, जिससे रात में स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। खासकर हरोड़ा कट पर स्ट्रीट लाईट बंद ही रहती है। ग्राम हरोड़ा के पूर्व प्रधान साहब राव ने बताया की हरोड़ा कट पर लाईट ना जलने से हाइवे के निचे सर्विस रोड अँधेरे मे डूबा रहता है।

# ग्रामीणों को बताए अपने विकास कार्य



**चिलकाना।** ग्राम पंचायत खेड़ा मवात के प्रधान के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने पश्चात ग्राम प्रधान ने अपने कार्यकाल में कराये गए विकास कार्यो की रिपोर्ट गांव की जनता समक्ष प्रस्तुत की।

ग्राम पंचायत खेड़ा मवात में अपने आवास पर आयोजित एक विशाल बैठक मे बड़ी संख्या में मौजूद गांव के लोगों को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान राव अब्दुल हई ने कहा कि उनका कार्यकाल आमजन व जनप्रतिनिधि के बीच कायम उस रिश्ते का सुबूत था जो कि खिदमत, ईमानदारी और अवाम की भलाई के जज़्बे पर टिका है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में गांव की तरक्की, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, सड़क, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े हर मुद्दे पर पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने की कोशिश की। उन्हें जो कुछ भी हासिल हुआ वह आमजन की दुआओं, सहयोग और विश्वास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कराये गए गांव के विकास कार्यो में सभी ग्रामवासियों का जो सहयोग उन्हें मिला है उसके लिए वह सदैव ग्राम वासियों के आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है गांव की जनता आगे भी उन्हें इसी प्रकार से प्यार व आशीर्वाद देगी।

# 48 घंटे बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** आंधी तूफान मे खराब बिजली 48 घंटे बाद हुई बेहाल क्षेत्रीय नेताओं का भरपूर योगदान रहा। बिजली विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों के बीच नेता कंधे से कंधा मिलाकर खडे रहे।



आधी तूफान के बाद जहाँ खम्बे व पेड़ टूटने की वजह से बिजली कई गावों मे नहीं पहुंच रही थी वही जनरेटर किराए पर देने वालों की बल्ले बल्ले हो रही थी। बीती रात दो दिन बाद हरोड़ा गांव मे पहुंची सप्लाई के बाद ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कुराहट नजर आई। पानी की किल्ल्त से गांव मे हाहाकार मच गया था। वही वरिष्ठ नेता राव बाबर विभाग के उच्चधिकारियो के सम्पर्क मे रहे तो वही अपनी टीम के साथ जहाँ जहाँ खम्बे व पेड़ टूटे थे वहा उनके साथ खडे नजर आए। राव बाबर ने बताया की कई जगह पेड़ व खम्बे गिरने से गांव मे सप्लाई नहीं पहुंच रही थी वही जहाँ विभाग को हमारी जरूरत पड़ी हम वहा उनके साथ खडे रहे विभाग के अधिकारियो की कड़ी मेहनत से बिजली सप्लाई चालू हुई है।

# बाइक चोरी की वारदात बढ़ी

**गागलहेड़ी।** कस्बा चौकी क्षेत्र मे चोरी की वारदात दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। कस्बा चौकी इंचार्ज चोरी का खुलासा करने मे नाकाम साबित हो रहे है। कई मोटरसाइकल चोरी की घटनाए कागजो मे दबकर रह गई है। कस्बे मे बाइक चोर गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है लेकिन कस्बा चौकी पुलिस चोरो पर लगाम कसने मे नाकाम साबित हो रही है।

जानकारी के अनुसार सप्ताह भर पूर्व भगवानपुर रोड सियाराम इंटर कॉलेज के सामने से हीरो मोटरसाइकल चोरी हो गई थी जिसपर पीड़ित द्वारा थाने मे प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन अभी तक मोटरसाइकल बरामद नहीं हुई है। वही कई बाइक देहरादून रोड निशा गार्डन के बाहर से चोरी की घटनाए घट रही है। पुलिस ने एक भी बाइक चोरी की घटना का खुलासा नहीं किया है। वही पुलिस मुकदमा तो दर्ज कर लेती है लेकिन बरामदगी नहीं कर पाती है।

## स्मैक सहित दो गिरफ्तार

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने दो नशा तसकरो को 29.45 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया की पुलिस गश्त के दौरान भगवानपुर हरियाबांस सर्विस रोड के पास से दो अभियुक्त गुरमीत अंकित को पकड़ा जिसकी तलाशी लेने पर 29.45 ग्राम नजायज स्मैक बरामद हुई पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# त्योहार गिले शिकवे दूर करने का आसान रास्ता: काजी अदील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ईद मिलन कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि त्यौहार मिलने और गिले शिकवे दूर करने का आसान रास्ता हैं। मिलजुल रहने से ही देश और समाज तरक्की करता है।

मौहल्ला पीरजादगान स्थित शहर काजी अदील फारूकी के निवास पर आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में काजी नदीमुल हक ने कहा कि त्यौहार हो मिलजुल कर ही मनाना चाहिए इससे त्यौहार की खुशियां दोगुना हो जाती हैं और भाईचारा भी बढ़ता है।हिन्दू मुस्लिम युवा एकता समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद सैफी ने कहा कि त्यौहार मिलने और गिले शिकवे दूर करने का आसान रास्ता हैं।एक दूसरे के सुख दुख में साथ खड़े रहना इंसानियत है। सभासद नफीस सैफी व नदीम अहमद ने कहा कि एक दूसरे के साथ सुख दुख में खड़ा हमारे देश की परंपरा है।दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार मनाने चाहिएं। हमारा व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि सभी लोग मुहब्बत और इज्ज़त करें।काजी अदील फारूकी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान तौफीक उमर, हाजी मंसूर, हाजी मोहम्मद अय्यूब, काजी अब्दुल हक आदि काफी लोग मौजूद रहे।



## आंधी तूफान ने तोड़ी बागवानों की उम्मीदें

**गागलहेड़ी।** तेज आंधी और बारिश ने आम की फसलो को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष आम की पैदावार पहले से ही काफी कम थी, और अब आंधी-बारिश ने बची हुई फसल को भी तबाह कर दिया है।

तेज हवा के कारण बड़ी संख्या में आम पेड़ों से टूटकर जमीन पर गिर गए हैं, जिससे किसानों और बाग की नीलामी लेने वालों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। आंधी और बारिश के कारण वे आम भी बर्बाद हो गए हैं। किसानों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम ने खेती को अत्यधिक जोखिम भरा बना दिया है। आम के ठेकेदारो का कहना है की आंधी तूफान के कारण आम की फसल टूटकर जमीन पर गिर गई। जिसमे लाखो रुपए का नुकसान अब तक हो चूका है। आंधी-तूफान ने फलों को तनों से अलग कर दिया। आंधी में फलों समेत अनेक पेड़ उखड़ गए। बीते एक सप्ताह में आम की फसल को 40 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। जबकि आंधी से सब्जी की फसल को नुकसान नहीं है और बारिश से कुल मिलाकर फायदा पहुंचा है। वही शुक्रवार को आई आंधी से हरोड़ा सब्जी मंडी मे कई हजार कच्चे आम के कट्टे पहुँचे है। जिससे अंदाजा लगया जा सकता है ठेकेदारो को लाखो रुपए का नुकसान पहुंचा है। वही आम की फसल के साथ साथ पोपलर की खेती करने वालों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है, कई दर्जन तैयार पोपलर के पेड़ टूटकर जमीन पर गिरे है।

# नकुड़ में जल कलश यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्री राधे गोविंद सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह का शुभारंभ रविवार को भव्य जल कलश यात्रा के साथ हुआ। प्राचीन शिवालय महादेव मंदिर से शंखध्वनि एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पीली साड़ियों में सजी महिलाओं व युवतियों ने कलश यात्रा की शोभा बढ़ाई जबकि पूरा नगर जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। नगर चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता ने भागवत भगवान एवं गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति अध्यक्ष राजन शर्मा व महामंत्री पंकज जैन ने बताया कि आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। प्रथम दिवस के यजमान विनीत शर्मा परिवार रहे तथा पूजन आचार्य पंडित विपिन शर्मा ने संपन्न कराया।

# शरारती तत्वों ने किया माहौल बिगाड़ने का प्रयास

**चिलकाना।** शरारती तत्वों ने नगर का माहौल खराब करने की कोशिश करते हुए कस्बा सुल्तानपुर में लगे बीएसएनएल टावर पर धार्मिक ध्वज के साथ उल्टा तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया है।

शनिवार रात्रि को नगर पंचायत सुल्तानपुर के मोहल्ला कोठीवाला में अज्ञात शरारती तत्वों ने क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश करते हुए बीएसएनएल के टावर पर एक धार्मिक ध्वज व उल्टा तिरंगा झंडा लगाकर एक गंभीर राष्ट्र विरोधी कृत्य किया। अज्ञात शरारती तत्वों ने लोगों की धार्मिक-राष्ट्रवादी भावनाओं को भड़काकर क्षेत्र में अशांति फैलाने की सोची-समझी साजिश रची। राष्ट्र के सम्मान को ठेस पहुंचाने या माहौल बिगाड़ने वाले ऐसे कृत्य देशद्रोह और राष्ट्रीय गौरव का अपमान है। जो अक्षम्य अपराध है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना टीम ने टावर से दोनों झंडों को उतार कर तिरंगे को सम्मान सहित सुरक्षित रख लिया।

**गंगोह।** महिलाओं की संस्था इनर व्हील क्लब द्वारा समाज सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रेरणा लाइब्रेरी के बच्चों को शुद्ध पेयजल के लिए दो वाटर कैम्पर एवं स्वच्छता के लिए एक डस्टबिन प्रदान किये है।

# रानी अहिल्याबाई ने दी जनकल्याण को प्राथमिकता: पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पूजा पाल ने कहा कि रानी अहिल्या बाई महान शासिका थी जिन्होंने न्याय,सेवा और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

रविवार को शहरी पुल पर आयोजित कार्यक्रम में अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम में अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन की प्रदेश अध्यक्ष पूजा पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं, जिन्होंने न्याय, सेवा और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने महिलाओं के उत्थान, धार्मिक स्थलों के विकास तथा समाज में समरसता स्थापित करने के लिए कार्य किए। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।हमें उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने भी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## तीन वारंटी दबोचे

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने तीन वारंटी आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल कर ली।

मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी, उपनिरीक्षक जगपाल सिंह व उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा के नेतृत्व में तीन वारंटी आरोपियों खुशनवाज उर्फ भूरा पुत्र मजहर हसन व आसिफ पुत्र इकमाल निवासीगण मौहल्ला पक्का बाग तथा फैय्याज पुत्र अय्यूब निवासी मौहल्ला रायवाला को मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी खुशनवाज उर्फ भूरा धारा-13जी एक्ट चालानी में थाना मंडी, आसिफ धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना मंडी तथा फैय्याज को गिरफ्तार किया गया है।

# परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



**चिलकाना।** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान मे हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा मे 70%से अधिक अंक लाने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह द्वारा सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रविवार को आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए समाज का शिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह के माध्यम से उनका प्रयास है कि देश प्रदेश मे युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। छात्र छात्राओं एव युवाओं का उत्साह वर्धन करने के लिए कार्यक्रम मे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें शुभकामनायें दी। इस दौरान भीम आर्मी एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने सामाजिक क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आकाश काशी को भी सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे भारी संख्या मे युवा मौजूद रहे।

# पुलिस ने युवती को ले जाने वाला आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना फतेहपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।



पूरा मामला बीते 28 मई 2026 का है, जब वादी की तहरीर के आधार पर थाना फतेहपुर में अज्ञात के खिलाफ एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जब मामले की गहनता से विवेचना शुरू की, तो इसमें बाबर पुत्र खालिद, निवासी ग्राम संसारपुर (थाना बेहट, सहारनपुर) का नाम मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया। इसके बाद, पीड़िता की सकुशल बरामदगी और उसके बयानों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में कड़ी कार्रवाई करते हुए धारा 64(1) बीएनएस (दुष्कर्म) की बढ़ोतरी की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर आज, आज दोपहर आरोपी बाबर को भोगपुर पुलिया के पास से घेराबंदी कर धर दबोचा।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसकी पीड़िता से दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्इंस्टाग्रामश के माध्यम से हुई थी। इसी दोस्ती का फायदा उठाकर वह उसे शादी का झांसा देकर बीते 27 मई को अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस पूरी कामयाब कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा के साथ उप-निरीक्षक बबलू कुमार, हेड कांस्टेबल ललित कुमार, हेड कांस्टेबल बबलू कुमार, कांस्टेबल धनुज कुमार और रिक्रूट महिला आरक्षी संस्था ने मुख्य भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# सात्विक–चिराग ने खत्म किया खिताबी सूखा

**पहली बार सिंगापुर ओपन के बने विजेता, फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को हराया**




**सिंगापुर, वार्ता।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त करते हुए पहली बार सिंगा. पुर ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। सात्विक–चिराग ने पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को हराया। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी ने इस तरह दो साल में अपना पहला और विश्व टूर का कुल नौवां खिताब अपने नाम किया है।

सात्विक–चिराग ने एक घंटा 13 मिनट तक चले फाइनल मुक. ाबले में इंडोनेशियाई जोड़ी को 18-21, 21-17, 21-16 से हराकर अपना तीसरा सुपर 750 खिताब जीता था। विश्व की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताब बेहद खास है, क्योंकि वे पहले भारतीय हैं, जिन्होंने सिंगापुर ओपन में युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। सात्विक–चिराग की जोड़ी ने इससे पहले 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद से ये भारतीय जोड़ी चार बार फाइनल में पहुंची,

लेकिन विजेता बनने से चूकती रही। हालांकि, आखिरकार सिंगापुर ओपन में जाकर इस जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त किया। फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ खेले गए तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ उनकी पिछली हार जनवरी में मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी। कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद भारतीय जोड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और लंबी रैलियों में दबदबा बनाते हुए विश्व नंबर तीन इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ मुकाबले का रुख पलट दिया। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए शानदार सप्ताह का

समापन भी रही। उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के मौजूदा विश्व चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त किम वोन-हो तथा सियो सेउंग-जे की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। जीत का निर्णायक अंक हासिल होते ही सात्विक और चिराग जश्न मनाने के लिए कोर्ट पर लेट गए। इसके बाद सात्विक ने बच्चों जैसी खुशी का प्रदर्शन किया, जबकि उत्साहित चिराग ने जोरदार दहाड़ लगाई और अपने साथी पर कूद पड़े। बाद में दोनों खिलाड़ियों ने कोर्ट पर नृत्य किया और पोडियम के शीर्ष पायदान पर लंबे समय बाद वापसी का भरपूर आनंद लिया।

# पुपांजिल बनर्जी सीओई अंडर-19 एलीट मैचों के मुख्य कोच नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने झारखंड सीनियर महिला क्रिकेट टीम की मुख्य कोच पुपांजलि बनर्जी को 1 से 10 जून तक बेंगलुरु में होने वाले इंटर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) अंडर-19 एलीट मैचों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है।

इस नियुक्ति को झारखंड में क्रिकेट कोचिंग और खिलाड़ियों के विकास में बनर्जी के योगदान की एक महत्वपूर्ण पहचान के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ सालों में, बनर्जी ने राज्य में महिला क्रिकेट के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है और युवा प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाई है, इनमें से कई खिलाड़ियों ने आगे चलकर प्रतियोगिता के उच्च स्तरों पर झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होने वाले इंटर सीओई अंडर-19 एलीट मैच, पूरे देश से होनहार युवा क्रिकेटरों को एक साथ लाते हैं,

और इन्हें राष्ट्रीय खिलाड़ी विकास प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के अधिकारियों ने इस नियुक्ति का स्वागत किया और इसे झारखंड क्रिकेट के लिए गर्व का विाय बताया। जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि यह नियुक्ति बनर्जी के समर्पण और कोचिंग क्षमता को दर्शाती है, और उन्होंने विश्वास जताया कि वह राट्रीय स्तर पर भी प्रभावी ढंग से अपना योगदान जारी रखेंगी।

**खेल विशेष**

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में सैंटनर को किया शामिल

**लंदन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टेस्ट टीम में मिचेल सैंटनर को शामिल किया है। सैंटनर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते समय लगी कंधे की चोट से उबर चुके हैं। सैंटनर शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे और गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। 34 साल के सैंटनर को पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट और बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। स्कैन में पता चला था कि उन्हें ग्रेड थ्री एसीएल कंधे की चोट लगी है, जिसके लिए उन्हें एक महीने के रिहैब की जरूरत होगी। न्यूजीलैंड ने कहा था कि ओवल और ट्रेंट ब्रिज में होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल होने के मकसद से उन पर नजर रखी जाएगी।

## थाईलैंड, मलेशिया व चीन एशियाई खेलों की महिला प्रतियोगिता के लिए किया क्वालिफाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** थाईलैंड, मलेशिया और चीन की महिला क्रिकेट टीमों ने सितम्बर-अक्टूबर में जापान के आइची प्रीफेक्चर और नागोया में होने वाले इस वर्ा सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया। थाईलैंड और मलेशिया की टीमों ने 2026 एशियाई खेल में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट का फाइनल हुआ था, चीन इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा था। क्वालालंपुर में 26 मई से 31 मई के बीच खेले गए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में, थाईलैंड ने मलेशिया और हांगकांग को हराकर ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद मलेशिया ने हांगकांग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां ग्रुप बी में शीर्ा पर रहे नेपाल और दूसरे स्थान पर रहे चीन भी इन दोनों टीमों के साथ शामिल हो गए।

## महिला अंडर एशिया कप में भारत ने कोरिया को 3.1 से हराया

**काकामिगहारा (जापान), वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को महिला अंडर18 एशिया कप 2026 के अपने दूसरे पूल ए मैच में कोरिया पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज की। भारत की अंडर-18 टीम के लिए नौशीन नाज, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने एक-एक गोल किए। भारत ने मलेशिया पर पहले दिन मिली जीत के बाद टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय को बनाए रखा। भारत ने शानदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में ही एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया। नौशीन ने चौथे मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया।

# आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम खत्म होना चाहिए: तेंदुलकर



मुम्बई, वार्ता। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुल. कर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म कर दिया जाना चाहिए। अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले आईपीएल 2026 फाइनल से एक रात पहले 21वीं सदी के महानतम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों के लिए आयोजित ईएसपीएन क्रिकइंफो पुरस्कार समारोह में तेंदुलकर ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय में कुछ चीजें हैं, जिनके बारे में मैं कहना चाहूंगा। मुझे लगता है कि इंपैक्ट प्लेयर नियम को हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि टी-20 प्रारुप में आपको केवल 20 ओवर ही खेलने होते हैं और फिर आप बल्लेबाजी लाइन-अप में एक अतिरिक्त बल्लेबाज जोड़ देते हैं।

जब गेंदबाज पहले से ही बेहद चुनौती झेल रहे हैं, तो मुझे यह असंतुलन लगता है। 2023 में शुरू किया गया इंपैक्ट प्लेयर नियम टीमों को यह अनुमति देता है कि वे अपनी एकादश में शामिल किसी एक खिलाड़ी को बाहर करके टॉस से पहले तय किए गए पांच खिलाड़ियों की सूची में से किसी एक को मैच के दौरान शामिल कर सकें। इस नियम की मुख्य आलोचना यह रही है कि इससे बल्लेबाज अधिक आजादी के साथ खेल सकते हैं और पिछले दो-तीन सीजन में रन गति और टीम स्कोर में बढ़ोतरी इसी का असर मानी जाती है। 21वीं सदी के महानतम बल्लेबाज चुने गए तेंदुलकर ने कहा कि छह ओवर के पावरप्ले में, जहां फील्डिग प्रतिबंध होते हैं, सिर्फ दो फील्डर ही 30 गज के घेरे के बाहर रह सकते हैं। पहले चार ओवर बल्लेबाजों का पावरप्ले हों, जिसमें यही नियम लागू रहे। उसके बाद बचे हुए दो पावरप्ले ओवर फील्डिंग कप्तान अपनी सुविधा के अनुसार मैच के किसी भी समय ले सके। उन लगातार दो ओवरों में भी उसे एक अतिरिक्त फील्डर घेरे के बाहर रखने की अनुमति मिले। इससे फील्डिग करने वाली टीम मैच को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकेगी। उनका आखिरी सुझाव था कि एक गेंदबाज को पांच ओवर फेंकने की अनुमति मिलनी चाहिए क्योंकि आमतौर पर टीम का सबसे अच्छा गेंदबाज ही वह पांचवां ओवर करेगा। क्या आप उस सर्वश्रेठ गेंदबाज को ज्यादा गेंदबाजी करते हुए नहीं देखना चाहेंगे। शीर्ा बल्लेबाज तो कई बार पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी करते हैं। फिर सबसे अच्छा गेंदबाज पांच ओवर क्यों नहीं फेंक सकता।

## सूर्यवंशी बेहद खास हैं, वह जैसे हैं, उन्हें वैसे बने रहने देना चाहिए: सचिन तेंदुलकर

**मुम्बई, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का मानना है कि 15 वर्ाीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी बेहद खास और उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति बने रहने देना चाहिए। मुंबई में क्रिकइन्फो सम्मान में 21वीं सदी के सर्वश्रेठ पुरुष अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाज चुने गए तेंदुलकर ने कहा कि हर कोई सूर्यवंशी की बात कर रहा है और मैंने भी उनकी बल्लेबाजी देखी।

वह शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वह वाकई बेहद खास हैं और केवल गेंद को मारने की उनकी क्षमता ही नहीं, बल्कि जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया, वह उनका कलाईयों का इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि मैदान के हर हिस्से में शॉट खेलने के लिए आपकी कलाई मजबूत होनी चाहिए। और वह गेंद को केवल ताकत से नहीं मार रहे हैं। वह बाकी खिलाड़ियों की तुलना में गेंद की लाइन और लेंथ को पहले समझ लेते हैं और आसानी से गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचा देते हैं। तेंदुलकर ने कहा कि वह चाहते हैं कि सूर्यवंशी आगे चलकर टेस्ट क्रिकेट भी खेले, लेकिन उन्हें जल्दबाजी में आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि उन पर लगातार दबाव डालने के बजाय उनका हौसला बढ़ाया जाए और उनका समर्थन किया जाए। अगर आप उन्हें बहुत सारी अलग-अलग बातें बता रहे हैं, तब आप उनके रास्ते में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उनसे यही कहूंगा कि 'जैसे हो, वैसे बने रहो। हर चीज पहली बार होती है। टेस्ट क्रिकेट में उम्र और अनुभव के साथ वह सीखेंगे कि अलग-अलग चुनौतियों का सामना कैसे करना है। बात समाधान ढूंढने वाली सोच की है, समस्याएं हमेशा रहेंगी।

# जापान की पुरुष टीम ने अंडर -18 एशिया कप में भारत को 4.2 से हराया

**भारत के लिए दो गोल आशीष तानी पूर्ति ने (25वें) और कप्तान केतन कुशवाहा ने (32वें) मिनट में किए**




**(जापान), वार्ता।** भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम को रविवार को यहां आयोजित अंडर-18 एशिया कप 2026 के पूल ए मुकाबले में मेजबान जापान के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत के लिए दो गोल आशीष तानी पूर्ति ने (25वें) और कप्तान केतन कुशवाहा ने (32वें) मिनट में किए, जबकि जापान के लिए कप्तान योशिओका माहिरो (15वें), फुजिवारा युमा (20वें), यासुई केंगो (34वें) और ताकाहाशी आओने (42वे) मिनट में गोल किए। पहला क्वार्टर काफी कड़ा रहा, जिसमें दोनों टीमें मिडफील्ड में गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ा कर रही थीं। हालांकि, जापान ने 15वें मिनट में गतिरोध तोड़ दिया। मेजबान टीम के लिए कप्तान योशिओका माहिरो ने (15वें) मिनट में गोल दाग दिया। कुछ ही देर बाद दूसरे क्वार्टर में, फुजिवारा युमा (20वें) मिनट में एक जोरदार बैकहैंड शॉट मारकर मेजबान टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पांच मिनट बाद, भारत को दिन का अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे आशीा तानी पूर्ति ने (25वें) मिनट में सटीक शॉट की बदौलत सफलतापूर्वक गोल में बदला गया, जिससे हाफटाइम से पहले भारत ने गोलों का अंतर कम कर लिया। भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत जोरदार तरीके से की और 32वें मिनट में ही बराबरी का गोल दाग दिया। मेहमान टीम को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे शुरू में जापानी गोलकीपर ने बचा लिया था। हालांकि, जापान गेंद को समय पर क्लियर करने में नाकाम रहा, और कप्तान केतन कुशवाहा (32') ने गोल के सामने पड़ी ढीली गेंद पर झपड्डा मारा और उसे गोल. कीपर के ऊपर से चिप करते हुए खेल को बराबरी पर ला दिया। जापान को 34वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे एक बार फिर एक नई रणनीति के जरिए गोल में बदल दिया गया। इस बार, वतानाबे अत्सुहिरो ने यासुई केंगो (34) को एक जोरदार पास दिया, जिन्होंने गेंद को नेट में डाल दिया। तीसरे क्वार्टर में तीन मिनट बाकी रहते, जापान ने ताकाहाशी आओने (42) के एक फील्ड गोल की मदद से अपनी बढ़त और बढ़ा ली। भारत ने आखिरी क्वार्टर में मैच में वापसी करने की कोशिश में कई हमले किए।

# जेपीएल नीलामी में रॉबिन सबसे महंगे 15.25 लाख रुपये में बिके

**जमशेदपुर, वार्ता।** विकेटकीपर- बल्लेबाज रॉबिन मिज पहली झारखंड प्रीमियर लीग (जेपीएल) की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्हें कोयलंचल सुपर किंग्स ने 15-25 लाख रुपये की सफल बोली लगाकर खरीदा। लीग के पहले संस्करण से पहले जमशेदपुर में आयोजित इस नीलामी में राज्य के कई प्रमुख क्रिकेटरों के लिए फेंचाइजी के बीच कड़ी बोली देखने को मिली। रॉबिन मिज, जिनकी बेस प्राइस 4 लाख रुपये थी,

प्रतिस्पर्धी बोली के बाद उनकी कीमत में तेजी से उछाल आया। गुमला के इस क्रिकेटर, जो पहले मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े रहे हैं, ने नीलामी सूची में शीर्ा स्थान हासिल किया। विराट सिंह दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें छोटानागपुर रॉयल्स ने 13 लाख रुपये में खरीदा, जबकि एम-डी- कैफ को जमशेदपुर स्टीलर्स ने 12.50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा और शिखर मोहन को 11.11 लाख रुपये मिले, जबकि पंकज कुमार को 10. 75 लाख रुपये में खरीदा गया। राजदीप सिंह को 9 लाख रुपये की बोली मिली, जिसके बाद साहिल राज को 8.75 लाख रुपये में खरीदा गया। मोहम्मद नाजिम सिद्दीकी और बाल कृण को 7.25.7.25 लाख रुपये में खरीदा गया। शुरुआती उम्मीदों के विपरीत, विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को अंततः



छोटानागपुर रॉयल्स ने उनकी बेस प्राइस 4 लाख रुपये में ही खरीद लिया। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस लीग में छह फेंचाइजी हिस्सा लेंगी। रांची टाइटन्स, जमशेदपुर स्टीलर्स, छोटानागपुर रॉयल्स, कोयलंचल सुपर किंग्स, धनबाद डायमंड्स और संथाल स्ट्राइकर्स। जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि इस लीग का उद्देश्य पूरे झारखंड से उभरती हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को एक पेशेवर मंच प्रदान करना और खिलाड़ियों को खेल के उच्च स्तर तक पहुंचने में मदद करना है। झारखंड प्रीमियर लीग का पहला संस्करण 10 जून को जेएससीए अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में शुरू होगा।

# महिला अंडर एशिया कप में भारत ने कोरिया को 3.1 से हराया



**(जापान), वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को महिला अंडर18 एशिया कप 2026 के अपने दूसरे पूल ए मैच में कोरिया पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज की।

भारत की अंडर-18 टीम के लिए नौशीन नाज, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने एक-एक गोल किए। भारत ने मलेशिया पर पहले दिन मिली जीत के बाद टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय को बनाए रखा। भारत ने शानदार शुरुआत की और पहले क्वार्टर में ही एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया। नौशीन ने चौथे मिनट में गोल दागकर भारत को 1-0 की शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 21वें मिनट में, श्रुति ने एक बेहत. रीन मैदानी गोल करके गेंद को नेट में पहुंचाया, जिससे हाफ-टाइम ब्रेक से पहले भारत को 2-0 की आरामदायक बढ़त मिल गई। ब्रेक के बाद कोरिया ने वापसी की को. शिश की और तीसरे क्वार्टर में गोल करके अंतर को कम कर दियाद्ध 41वें मिनट में ग्योंगमिन रयू ने गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि, भारत ने जल्द ही अपनी दो गोल की बढ़त को फिर से हासिल कर लिया। किरण एक्का, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया, ने 43वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदला, जिससे भारत की बढ़त 3-1 हो गई और मैच पूरी तरह से उनके नियंत्रण में आ गया। भारत अंतिम क्वार्टर में भी अनुशासित रहा और कोरिया को गोल करने का कोई और मौका न देकर एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

# पाकिस्तान ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकट से हराया

**पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक (69) रन बनाए, गाजी गौरी ने (65) रनों की पारी खेली**



**रावलपिडी, वार्ता।** अराफात मिन्हास (पांच विकेट/नाबाद18 रन), बाबर आजम (69) और गाजी गौरी (65) की शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार रात खेले गए पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 45 गेंदें शो रहते पांच विकेट से शिकस्त दी।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 42-3 ओवरों में पांच विकेट पर 202 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने सर्वाधिक (69) रन बनाए। गाजी गौरी ने (65) रनों की पारी खेली। इसके अलावा साहिबजादा फरहान ने (28) और अराफात मिन्हास ने (नाबाद 18) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने दो विकेट लिए। मैथ्यू कुनमन, तनवीर संघा और मार्सन लाबुशेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के गें. दबाजों ने 44-1 ओवर में 200 रन के स्कोर पर समेट दिया। सातवें ओवर में अबरार अहमद ने एलेक्स कैरी (19) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। इसके बाद 14वें ओवर में अराफात मिन्हास ने कप्तान जॉश इंग्लिस (13) और मार्नस लाबुश. ेन (शून्य) का शिकार कर ऑस्ट्रेलिया को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में मिन्हास ने कैमरन ग्रीन (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की परेशानी को और बढ़ा दिया।

ऐसे संकट के समय मैट रेनशॉ ने मैथ्यू शॉट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों के बीच 55 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में मिन्हास ने मैथ्यू शॉट (55) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऑलिवर पिक (सात) रन बनाकर आउट हुए।

# नुकसान का जायजा देखने शाकम्भर पहुंचे अफसर

**बेहट/साढौली कदीम।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के निकट शाकंभरी खोल में आए तेज जलप्रवाह से प्रभावित क्षेत्र का रविवार को मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार एवं पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र अभिषेक सिंह ने जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों, राहत एवं बचाव कार्यों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित मार्गों, सुरक्षा बैरिकेडिंग, निर्माणाधीन संरचनाओं तथा राहत कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। संबंधित विभागों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

गौरतलब है कि 29 मई को भी डीआईजी अभिषेक सिंह द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण कर राहत, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए थे। रविवार को पुनः निरीक्षण कर अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का आकलन किया और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में वर्षा एवं जलस्तर बढ़ने की चेतावनी को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को उच्च सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस, प्रशासन तथा अन्य विभागों के बीच निरंतर सूचना आदान-प्रदान और समन्वय बनाए रखा जाए।

श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशील एवं जोखिम वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल, एसडीआरएफ तथा फ्लड पीएसी की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक आपदा राहत संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

अधिकारियों ने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने, नियमित भ्रमण करने तथा किसी भी आपात सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी न रहे।

यह संस्करण स्थानीय समाचार पत्र की रिपोर्टिंग शैली के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें शीर्षक, भूमिका, तथ्य और अधिकारियों के निर्देशों को क्रमबद्ध तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

# दर्शन को दो जून से खुलेंगे कपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर क्षेत्र में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा और लगातार खराब मौसम को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर के कपाट एक दिन और बंद रखने का निर्णय लिया है। मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जून को भी मंदिर में श्रद्धालुओं का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा ने बताया कि खराब मौसम और मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसी कारण 29 मई से 31 मई तक मंदिर के कपाट बंद रखने का निर्णय लिया गया था। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह अवधि बढ़ाते हुए 1 जून को भी मंदिर बंद रखने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सफाई, मरम्मत एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का कार्य भी लगातार जारी है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे मंदिर आने की योजना फिलहाल स्थगित रखें और मौसम सामान्य होने तक प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा ने बताया कि यदि मौसम अनुकूल रहा और परिस्थितियां सामान्य रहीं तो 2 जून से सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ पुनः खोल दिए जाएंगे।

# मेयर डा.अजय व विधायक गुंबर ने तीन सड़कों का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा वार्ड 41 के शुगर मिल क्षेत्र में बनवायी जा रही तीन सड़कों के निर्माण कार्य का आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर एवं सड़क पर गेंती मारकर शुभारंभ किया। इन तीनों सड़कों पर लगभग 40 लाख रुपये की लागत आयेगी।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जल निकासी की समस्या से भी काफी हद तक राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। महापौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहारनपुर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। महापौर डॉ. अजय कुमार भाजपा नेताओं के साथ जैसे ही शुगर मिल क्षेत्र पहुंचे लोगों ने महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व क्षेत्रीय पार्षद संजय सैनी को फूल मालाओं से लाद दिया। क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों को गति देने की उम्मीद जतायी।

निगम अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा ताकि क्षेत्रवासियों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, मंडल महामंत्री रोहित, पूर्व सभासद राजेंद्र कुमार व कुक्कू वालिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अन्नदाता हमारा भगवान: त्रिलोक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना है।

श्री त्यागी रालोद के एकता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे आने की जरूरत है।आने वाले समय में युवा ही देश का भविष्य तय करेंगे। राष्ट्रीय लोकदल सर्व समाज की पार्टी है,सबको साथ लेकर चलती है। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के हर जिले में विधानसभा वार कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहे है जिससे कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ रहा है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष पंकज प्रधान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन को मुख्य रूप से राजीव चौधरी प्रदेश महासचिव, प्रो. ब्रहम सिंह राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेशनल मंच,पूर्व विधायक दिलनवाज खान, ओ डी त्यागी, विनय प्रधान,अमित त्यागी, कुलदीप राठी, इंद्रवीर भाटी ने संबोधित किया। एकता सम्मेलन का संचालन योगेंद्र लोधी ने किया।

# सुरेंद्र जिलाध्यक्ष व के डी गौतम कोषाध्यक्ष निर्वाचित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाईजेशन बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न कराये गये जिसमें निर्विरोध रूप से सुरेन्द्र कुमार जिलाध्यक्ष, के.डी. गौतम कोषाध्यक्ष तथा शिव राज सिहं जनपद सचिव आगामी दो वर्षों के लिए निर्वाचित घोषित किए गए।

संगठन कार्यालय पर आयोजित बैठक में सरकार की पेंशनभोगियों के प्रति असंवेदनशीलता की कडे शब्दो में निन्दा की गई और सरकार से अपेक्षा की गई कि वेलिडेशन एक्ट 2025 में पेंशनभोगियों के विरोधी धाराओं को समाप्त की जाए ताकि 8वें वेतन आयोग में किसी भी भाँति पेंशनभोगियों के बीच विभेद पैदा न किया जाए। पेंशन भोगियों को भी 8वें वेतनआयोग मे पेंशन पुनरीक्षण का लाभ सप्तम वेतन आयोग की भाँति प्रदान की जाए तथा पेंशन के राशिकरण की पुनर्स्थापना 10 वर्ष 8 माह में की जाए। पूर्व घोषित कार्यकमानुसार गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाईजेशन शाखा का विधिवत् निर्वाचन अध्यक्ष द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी के भंग किए जाने के पश्चात् लोकतांत्रिक प्रक्रिया मनोनीत निर्वाचन अधिकारी सेवाराम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विजेन्द्र कुमार के द्वारा सम्पन्न की गई। इसमें निर्विरोध सुरेन्द्र कुमार जनपद अध्यक्ष के.डी. गौतम कोषाध्यक्ष तथा शिव राज सिहं जनपद सचिव आगामी दो वर्षों के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। इसके पश्चात् निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। सभा में राजेश्वर प्रसाद बन्धु, मूलचन्द आनन्द, शिव राम शर्मा, रमेश चन्द सैनी आदि मौजूद रहे।

# अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बहुत आपरेशन सवेरा के अंतर्गत चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

रविवार को कोतवाली पुलिस संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग टोली जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी इसी दौरान पुलिस टीम को एक युवक दिखाई दिया तो युवक पुलिस को देख जैसे ही भागने लगा तो उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 12,40 ग्राम स्मैक बरामद हुई पुलिस ने जब उस से पूछताछ की उसने अपना नाम जुनैद पुत्र सालिम निवासी ग्राम दबकौरा थाना बेहट सहारनपुर बताया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय मे पेश किया है।

# रिक्रूट महिला आरक्षी शुभांगी शर्मा सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और मानवीय संवेदनाओं का बेहतरीन परिचय दिया है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक अपहृत बालिका को सकुशल बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में सबसे अहम और मुख्य भूमिका निभाई, थाने पर तैनात नई भर्ती की रिक्रूट महिला आरक्षी शुभांगी शर्मा ने।

महिला आरक्षी की इसी सूझबूझ और जांबाजी को देखते हुए थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि अपहरण जैसे संवेदनशील मामले में शुभांगी शर्मा ने जिस तत्परता और सूझबूझ से काम किया, वो वाकई काबिले तारीफ है। पुलिस की इस सराहनीय पहल और महिला आरक्षी की बहादुरी पर कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष डॉ. शाजिया नाज ने भी गहरी खुशी जताई है।

उन्होंने फतेहपुर पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा द्वारा रिक्रूट महिला आरक्षी शुभांगी शर्मा को सम्मानित करना एक बेहद सराहनीय कदम है।

डॉ. शाजिया नाज ने आगे कहा कि जब बेटियां खाकी वर्दी में जिम्मेदारी संभालती हैं, तो समाज अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। शुभांगी शर्मा ने यह साबित कर दिया है कि नारी शक्ति आज पुलिस विभाग में भी सबसे आगे है।

# टैम्पो से बैट्रे चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारन।** थाने के सामने से मात्र चंद कदम दूर सड़क पार- रात्रि में टैम्पो से चोरो ने बैटरी चोरी कर ली। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दे दी है।

पीडित टैम्पो स्वामी पहल सिंह पुत्र सुमेर चंद ने कोतवाली में पार्थना पत्र देकर बताया की रात्रि मे थाने के सामने पार्किंग मे उनका टेम्पू खड़ा हुआ था।रात को किसी समय चोरों द्वारा उसकी बैटरी चोरी कर ली गई है।चोरी की चींटी मोटी घटनाएं आम जनता के लिए सिरदर्द बन गई हैं।कुछ मामलों में तो पीड़ित कोतवाली में तहरीर तक भी नहीं देते यह सोचकर कि कुछ होने वाला नहीं है।

# श्रद्धा से मनाई महर्षि कश्यप व बाबा कालू की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** श्री महर्षि कश्यप समाज सेवा आश्रम ट्रस्ट सरसावा के तत्वावधान में रविवार को भगवान महर्षि कश्यप जी एवं गुरु बाबा कालू महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः हवन-पूजन एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी एवं पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप रहे कार्यक्रम का संचालन मांगे राम कश्यप ने किया। कार्यक्रम में श्री महर्षि कश्यप आश्रम ट्रस्ट के संस्थापक राजेश कश्यप ने बताया कि इस आश्रम की स्थापना 2012 में हुई तभी से यह जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। परम पूज्य संत बाबा कुल्हाड़े वाले महाराज के सानिध्य में भगवान महर्षि कश्यप जी की कथा का आयोजन शुरू हुआ, जिसमें महर्षि कश्यप के जीवन, सनातन परंपरा और समाज कल्याण से जुड़े संदेशों का वर्णन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

दोपहर के समय प्रसाद वितरण किया गया, जबकि सायंकाल भव्य शोभायात्रा शांति धाम रोड से शुरू हो नगर के पंजाबी मोहल्ला, मेन बाजार, नकुड रोड, अंबाला रोड होते हुए रात करीब 10 बजे शांति धाम रोड़ श्री महर्षि कश्यप आश्रम पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में दौरान पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पंवार, नगर अध्यक्ष सागर चौधरी, नेहा राणा, सतीश कश्यप प्रधान नेत्रपाल कश्यप नीटू कश्यप अमित कश्यप राजेश कश्यप मांगेराम बिदपुर समेत क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# कांग्रेसियों ने मनाई अहिल्याबाई जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर त्याग, सुशासन, धर्मनिष्ठा और जनसेवा की अद्वितीय प्रतीक थीं और महिला सशक्तिकरण को उल्लेखनीय कार्य किये।



गुरूद्वारा रोड स्थित कांग्रेस महानगर कार्यालय पर लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर त्याग, सुशासन, धर्मनिष्ठा और जनसेवा की अद्वितीय प्रतीक थीं। उन्होंने अपने 28 वर्षों के शासनकाल में जनकल्याण, महिला सशक्तिकरण और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। गोष्ठी में सेवादल अध्यक्ष इमरान कुरैशी, अल्पसंख्यक कांग्रेस महानगर अध्यक्ष आरिश सिद्दीकी, उपाध्यक्ष नीरज कपिल, पीसीसी सदस्य धर्मपाल जोशी, सचिव शाहबाज आजाद, अमित राठौर, सुनील राठौर, यूनुस अंसारी, पंकज सैनी, नसीब खान सहित अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# खुजनावर में स्वच्छ भारत मिशन फेल, गंदगी के लगे ढेर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** एक तरफ जहां सरकार श्स्वच्छ भारत मिशनश के तहत गांवों को चमकाने का दावा कर रही है, वहीं मुजफ्फराबाद ब्लॉक के खुजनावर गांव से आई ये तस्वीरें दावों की पोल खोलने के लिए काफी हैं। खुजनावर गांव में इस वक्त साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है। गांव की गलियां हों, नालियां हों या फिर मुख्य रास्ते हर तरफ सिर्फ और सिर्फ गंदगी के अंबार नजर आ रहे हैं।

कचरा उठान न होने के कारण जगह-जगह सड़ रहे इस कूड़े से उठने वाली भीषण बदबू ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात इस कदर बदतर हैं कि नालियां पूरी तरह चोक हैं और उनका गंदा, बदबूदार पानी अब सड़कों और रास्तों पर बह रहा है। गांव में फैली इस अव्यवस्था के कारण मच्छर और मक्खियों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि साफ-सफाई न होने से अब गांव में बीमारियां पैर पसार रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों में बुखार, उल्टी-दस्त और त्वचा (स्किन) से जुड़ी बीमारियों की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। हद तो यह है कि स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों को भी इसी नरकीय गंदगी और बदबू के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस बदहाली को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से शिकायत की गई, लेकिन इसके बावजूद सफाईकर्मी गांव में ड्यूटी पर नहीं आता। ग्रामीणों ने तीखा आक्रोश जताते हुए कहा कि कागजों पर और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय तो बनवा दिए गए, लेकिन ठोस कूड़ा निस्तारण की जमीनी स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं है। गांव के मुख्य चौराहे से लेकर सामुदायिक शौचालय के पास तक कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। अब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट चुका है। लोगों ने साफ शब्दों में प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो वे ब्लॉक कार्यालय का घेराव कर उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला पंचायत राज अधिकारी (क्प्त्व) और खंड विकास अधिकारी (ठक्व) से मांग की है कि खुजनावर गांव में नियमित सफाईकर्मी की तैनाती की जाए, जगह-जगह कूड़ेदान रखवाए जाएं, और नालियों की सफाई कराकर तुरंत कीटनाशक दवाओं व फॉगिंग का छिड़काव कराया जाए।

# महिला सुरक्षा व स्वावलंबन की दी जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना मंडी में एंटी रोमियो टीम द्वारा बाजारों में आने जाने वाली महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0के (द्वितीय चरण) के तहत बालिकाओं व महिलाओं को डिजिटल एरेस्टिंग व झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया।

सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओ और बच्चो के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे मे बताया एवं उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया, ऑपरेशन शील्ड के तहत दुकानों की चेकिंग की गई। सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी गयी तथा महिलाओ और बालिकाओ को हेल्पलाईन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा व 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के बारे मे जानकारी दी गयी, उनकी समस्याएं को पूछा गया।

# अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन

**गंगोह।** आठवीं अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों को मुफ्त भोजन परोसा गया। आयोजकों द्वारा विशेष अवसरों पर अन्नपूर्णा रसोई का अलग-अलग स्थानों पर आयोजन किया जाता रहा है।

यह आयोजन शिव चौक पर किया गया। संयोजक संध्या मनोचा, मनीष मनोचा रहे। मनीष मनोचा ने अपने पिता तिलक मनोचा की पुण्यतिथि पर सैकड़ों लोगों को मुफ्त भोजन परोसा। अन्नपूर्णा रसोई के संचालक लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल और सिम्मी वेलफेयर फाउंडेशन है। फाउंडेशन के बलवीर सिंह तोमर ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन अपनों के लिए करा सकता है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 1 जून 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बंगाल में फिर हिंसा

देश महंगाई की चपेट में है, रोजाना प्रयोग होने वाली चीजें महंगी हो गई है, दूसरी ओर देश का एक राज्य पश्चिमी बंगाल बदले की भावना की आग में जल रहा है। आखिरे देश किस ओर जा रहा है और हमारे मंत्री से लेकर संतरी तक आंख बंद कर बैठे हुए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद से लगातार सियासी बवाल जारी है। शनिवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के बाद अब पार्टी के एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला किया गया है। इसके बाद तनाव और भी बढ़ गया है। हुगली में प्रदर्शनकारियों ने कल्याण बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चोर-चोर के नारे लगाए। इसके साथ उनके साथ मारपीट भी की गई। वहीं इस पूरे मामले पर टीएमसी सांसद का बयान सामने आया है। उन्होंने अपने ऊपर हुए हमले के पीछे बीजेपी का हाथ बताया है, जबकि बीजेपी का कहना है कि ये सब टीएमसी का ड्रामा है, इसके अलावा कुछ भी नहीं। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि जब ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थी, तब बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ था। अब वहां भाजपा के सीएम शुभेंदु की सरकार है। अगर बीजेपी हिंसा में विश्वास नहीं रखती, तो सवाल उठता है कि अब टीएमसी नेताओं पर हमले क्यों हो रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि अगर कुत्ता इंसान को काट ले, तो इंसान कुत्ते को नहीं काटता, केवल अपना इलाज करवाता है। इसलिए यदि भाजपा सरकार को लग रहा है कि टीएमसी के नेता भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, जो सरकार को कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सरकार की आड़ में टीएमसी नेताओं पर हमले हो रहे है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी चंडीतला पुलिस स्टेशन के ऑफिसर इंचार्ज से मिलने और ज्ञापन देने के लिए कार से आ रहा थे, तो चंडीतला मार्केट में बहुत ज्यादा ट्रैफिक जाम था। उस समय वे अपने पीएसओ के साथ चंडीतला क्रॉसिंग पर चल रहे थे, जो चंडीतला पुलिस स्टेशन से 50 किलोमीटर दूर है। भगवा कपड़ों में 10-15 भाजपा के गुंडे थे, जिन्होंने अचानक नारे लगाए और दुश्मनी का माहौल बना दिया। इसके साथ ही बंगाल पुलिस चुपचाप तमाशा देखती रही। इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार में पुलिस भी निकम्मी हो गई है। किसी भी राज्य की पुलिस की जिम्मेदारी अपराध रोकने की होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल पुलिस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकी। जब पुलिस ही निरंकुश हो जाएगी, तो अपराध बढ़ेंगे ही। फिर सीएम शुभेंदु कैसे कहेंगे कि उनके राज्य में अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। सरकार बनने के बाद किसी भी सीएम की जिम्मेदारी राज्य में अपराध रोकने की होती है। इसके सामने पार्टी गौण होती है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, उसे किसी भी स्तर पर ठीक नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बदला लेने की भावना हमारे देश की परंपरा नहीं है।

## भाजपा सरकार के दावों की पोल खुली



भाजपा याद रखे कि वो जिस हिंसक राजनीति को दूध पिलाकर पाल-पोस रही है, वो आस्तीन की सांप है, पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में वयोवृद्ध तृणमूल सांसद श्री कल्याण बनर्जी पर जानलेवा हमला बेहद निंदनीय और गंभीर घटना है। लोकसभा स्पीकर संज्ञान लें, इससे पूर्व दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की घटना ने पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार के दावों की पोल खोलते हुए गंभीर सवाल खड़े कर दिया हैं, हमलावरों की पहचान कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

( सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )

# छोटे से मदरसे से विश्व विख्यात संस्था बनना मामूली बात नहीं

**हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया।**





शहजाद अली

हाजी सैयद मुहम्मद आबिद हुसैन देवबंदी दारुल उलूम देवबंद के मुख्य संस्थापकों और इसकी आधारशिला रखने वाले प्राथमिक स्तंभ हैं। ऐतिहासिक तथ्यों और तर्कों के आधार पर उन्हें इस वैश्विक इस्लामी संस्थान के संस्थापकों में शीर्ष स्थान प्राप्त है। 30 मई 1866 (15 मुहर्रम 1283 हिजरी) को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद कस्बे की छत्ता मस्जिद में एक अनार के पेड़ के नीचे इस ऐतिहासिक मदरसे की शुरुआत हुई थी। इस महान कार्य में उनके साथ मौलाना फजलुर्रहमान, मौलाना जुल्फिकार अली, हाजी फजलेहक, उलेमा शामिल थे।

हाजी आबिद हुसैन के संस्थापक होने के पक्ष में तर्कसंगत और ऐतिहासिक साक्ष्य निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझे जा सकते हैं-

### संस्थागत आधारशिला और चंदा संग्रह की शुरुआत

ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार, देवबंद में एक व्यवस्थित और स्वतंत्र उच्च स्तरीय अरबी मदरसे की स्थापना के व्यावहारिक विचार को धरातल पर उतारने में हाजी आबिद हुसैन की भूमिका सबसे अग्रणी थी। उन्होंने ही सबसे पहले इस संस्थान के लिए सार्वजनिक चंदा इकट्ठा करने का अभियान शुरू किया था। उलेमाओं के इस समूह का नेतृत्व करते हुए उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रभाव से लोगों को इस शैक्षणिक क्रांति से जोड़ा।

### दारुल उलूम के प्रथम मोहतमिम

हाजी आबिद हुसैन न केवल इसके संस्थापक सदस्य थे, बल्कि वे दारुल उलूम देवबंद के सबसे पहले मोहतमिम बनाए गए थे। उन्होंने तीन अलग-अलग कार्यकालों में इस पद को संभाला और संस्थान के प्रशासनिक ढांचे की मजबूत नींव रखी।

प्रथम कार्यकाल - 1866 से 1867 तक
द्वितीय कार्यकाल - 1869 से 1871 तक
तृतीय कार्यकाल - 1890 से 1892 तक

### मदरसे की इमारत के लिए भूमि और वैधानिक दस्तावेज

जब दारुल उलूम को मस्जिद से निकालकर एक स्वतंत्र और भव्य शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, तो हाजी आबिद हुसैन ने इसमें केंद्रीय भूमिका निभाई। संस्थान की नई इमारत के निर्माण के लिए जो जमीन खरीदी गई थी, उसका बिक्री-विलेख (Sale-Deed) हाजी आबिद हुसैन के नाम पर ही हस्ताक्षरित हुआ था। मियांजी मुन्ने शाह के बाद वे दूसरे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने इस नई इमारत की आधारशिला (नींव का पत्थर) रखी थी।

हाजी आबिद हुसैन तसव्वुफ के बड़े आलिम थे। उन्हें प्रसिद्ध सूफी संत हाजी इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की से खिलाफत (आध्यात्मिक उत्तराधिकार) प्राप्त थी। 1857 की क्रांति की विफलता के बाद जब भारत में मुस्लिम समाज सांस्कृतिक और शैक्षिक रूप से बिखर रहा था, तब हाजी आबिद हुसैन की आध्यात्मिक साख और इमाम कासिम नानौतवी के अकादमिक दृष्टिकोण ने मिलकर देवबंदी आंदोलन को जन्म दिया। दारुल उलूम देवबंद के प्रथम स्नातक महमूद हसन (शेखुल हिंद) ने रेशमी रुमाल आंदोलन (Silk Letter Movement) के जरिए अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने की राजनैतिक आन्दोलन कायम किया। यहां के उलेमा ने बाद में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की स्थापना की और द्वि-राष्ट्र सिद्धांत (Two-Nation Theory) का विरोध करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ मिलकर अखंड भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी। वैश्विक और भारतीय इतिहासकारों (जैसे क्रिस्टोफ जाफ्रेलॉट और जियाउद्दीन सरदार) के शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि हाजी आबिद हुसैन ने ही सूफी परंपरा और जन-भागीदारी के मेल से इस मदरसे की शुरुआत की थी, जिसमें बाद में इमाम कासिम नानौतवी मुख्य मार्गदर्शक के रूप में शामिल हुए। तर्कसंगत और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह पूरी तरह अकाट्य है कि हाजी आबिद हुसैन देवबंदी केवल एक सहयोगी नहीं, बल्कि दारुल उलूम देवबंद के मूल संस्थापक, पहले प्रशासनिक प्रमुख और इसके अस्तित्व के जन्मदाता थे। उनके बिना देवबंद आंदोलन और इस महान इदारे के आरंभिक इतिहास की कल्पना असंभव है परन्तु यह भी विडम्बना है कि इस महापुरुष के साथ घोर नाइंसाफी यह है कि इनके नाम पर दारुलउलूम में कोई विभाग, भवन, एकेडमी आदि का नामकरण नहीं हो पाया। 2024 के प्रस्ताव के अनुसार दारुल उलूम ने हाजी आबिद हुसैन देवबंदी को संस्थापक मानते हुए इनके नाम पर एक इमारत के नामकरण को स्वीकार किया गया है। यह कहावत देर आयद दुरुस्त आयद तो कहा जा सकता है मगर अपने ऊपर एक सवाल खड़ा कर रहा है कि हकीकत और इतिहास को स्वीकार करने में इतनी बाधा क्यों आती है।

# युवाओं में प्रचलित हुक्का बन सकता है जान का दुश्मन

**हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पड़ता है लगतार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगों को बार-बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है।**



डा. एम.के. तनेजा

आज के समय में युवाओं के बीच हुक्का पीना एक फैशन बन गया है। बहुत से लोग यह मानते है कि हुक्का सिगरेट की तुलना में कम नुकसानदायक होता है लेकिन यह धारणा गलत है। हुक्का स्वास्थ्य के लिए सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पाद से कई गुना अधिक हानिकारक हैं। हुक्के में निकोटिन, कार्बन मोनोऑसाइड और कई जहरीले रसायन पाए जाते है जो शरीर के विभिन्न अंगो पर बुरा प्रभाव डालते हैं। विशेष रूप से कान, नाक और गले पर इसके गंभीर दुष्प्रभाव दिखने को मिलते हैं। हुक्का पीने से सबसे पहले गले पर असर पडता है लगतार धुएं के सम्पर्क में रहने से गले में जलन, खरास और सूजन होने लगती है। कई लोगो को बार बार खांसी की समस्या हो जाती है। लंबे समय तक हुक्का पीने से आवाज बैठने लगती है और बोलने में कठिनाई भी हो सकती है। इसके अलावा गले में कैंसर होने की संभावना बढ जाती है। नाक पर भी हुक्के का नकारात्मक प्रभाव पडता है। हुक्के का धुआं नाक की अंदरूनी झिल्ली को प्रभावित करता है जिससे एलर्जी, साइनस और नाक बंद रहने जैसी समस्याएं हो सकती है। कुछ लोगो को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। धुएं के कारण नाक की सूंघने की क्षमता भी कम हो सकती है। कानों पर भी इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव पडता है। गले और नाक में संक्रमण होने पर उसका असर कानों तक पहुंच सकता है। इससे कान में दर्द, भारीपन या सुनने में परेशानी हो सकती है। बच्चों और युवाओं में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। वृद्धापन होने वाला बहरापन बढ़ जाता है। मधुमेह के रोगी में विशेष हानिकारक होता है। हुक्का पीने से मुंह और दांतो पर भी असर पड़ता है, इससे दांत पीले पड जाते हैं। मसूड़ों में सूजन आ जाती है और मुंह से दुर्गंध आने लगती है। लगातार हुक्का पीने वाले लोगों में मुंह के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। हुक्का केवल कान, नाक और गले को ही नहीं बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है इससे फेफड़ों की क्षमता कम होती है और सांस संबंधी रोग बढ़ते हैं। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और कमजोरी जैसी समस्याएं भी हो सकती है। गर्भवती महिलाओं के लिए हुक्का अत्यंत हानिकारक माना जाता है क्योंकि इसका प्रभाव बच्चे के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। सामान्यतया यह माना जाता है कि धुंआ पानी से छनकर आने के कारण हानिकारक तत्व पानी में रह जाते हैं। ऐसा नहीं है केवल तापमान गिर जाता है। टोक्सिक पदार्थ स्वास्थ्य के साथ फेफड़ों में पहुंचते हैं।



दूसरा महत्वपूर्ण यह है कि हुक्के में शीशा इत्यादि खराब पदार्थ मिले होने के कारण कैंसर का खतरा कई गुणा बढ़ जाता है। सबसे हानिकारक है सिगरेट की अपेक्षा हुक्के में दम कई गुणा ताकत से लगाने के कारण यह फेफड़ों और साईनस के अन्दर गहराई तक जाकर नुकसान पहुंच. ाता है। समाज में यह जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है कि हुक्का किसी भी प्रकार से सुरक्षित नहीं है। युवाओं को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से लोगों को तम्बाकू और हुक्के से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि कोई हुक्का पीने की आदत छोड़ना चाहता है तो उसे परिवार और डाक्टर की सहायता लेनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# टीवी चैनलों की डिबेट में कम जानकारी रखने वाले न बुलाए जाएं

मौजूदा समय में टीवी चैनलों पर जिस तरह की डिबेट हो रही है, उसे देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो कुछ चेहरे सिर्फ पैसों के लिए वहां जाते हैं या फिर डिबेट में शामिल होने वाले अधिकांश लोगों के पास इतना ज्ञान नहीं होता कि वे अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकें। नतीजा यह होता है कि उनकी बदनामी होती है या फिर उनका मजाक उड़ाया जाता है।

हम काफी समय से देख रहे हैं कि अधिकांश टीवी चैनलों की डिबेट में वास्तविक चर्चा के बजाय कुछ और ही होता है, जिसका न तो जनता की समस्याओं से कोई संबंध होता है और न ही उसे पत्रकारिता की मर्यादा में रखा जा सकता है। पिछले कई वर्षों से अधिकतर चैनलों पर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों के नाम पर बहस के मंच सजते हैं। इनमें राजनीतिक लोगों से लेकर खुद को आलिम बताने वाले लोग भी शामिल होते हैं। इनमें से कई ऐसे होते हैं जिनकी बातें सुनकर लगता है कि या तो उन्हें सिर्फ पैसे लेकर बुलाया गया है या फिर उनके पास इतना ज्ञान ही नहीं है कि वे मुसलमानों से जुड़े मुद्दों पर मजबूती के साथ अपनी बात रख सकें।

कुछ लोग यह भी कहते हैं कि टीवी चैनलों पर होने वाली ऐसी डिबेट का बहिष्कार कर देना चाहिए, लेकिन आज के मीडिया युग में मीडिया से दूरी बनाकर नहीं रहा जा सकता, क्योंकि इससे मुसलमानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है और वे उठा भी रहे हैं।





शिबली रामपुरी

यह एक कड़वी सच्चाई है कि मुसलमान आज भी मीडिया से उस स्तर पर नहीं जुड़ पाए हैं, जिस स्तर पर उन्हें जुड़ना चाहिए था। उन्होंने अभी तक मीडिया को अपनी आवश्यकताओं में उस तरह शामिल नहीं किया है, जितनी आज एक मजबूत और प्रभावशाली मीडिया की उन्हें आवश्यकता है। जब तक मुसलमान मीडिया की अहमियत को नहीं समझेंगे, तब तक उनके सामने इसी तरह की समस्याएं आती रहेंगी और टीवी चैनलों की डिबेट में उनके बारे में वैसी ही बातें होती रहेंगी जैसी आज देखने को मिल रही हैं। यदि गंभीरता से विचार किया जाए कि आज मुसलमानों के पक्ष को मजबूती और प्रभावी ढंग से रखने वाले कितने लोग टीवी चैनलों की डिबेट में मौजूद हैं, तो अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। केवल कुछ ही लोग ऐसे दिखाई देते हैं जो मुस्लिम मुद्दों पर होने वाली बहस में अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रख पाते हैं। बाकी लोगों का हाल यह है कि वे अक्सर हंगामा करते हुए नजर आते हैं या फिर जवाब न होने की स्थिति में उनका मजाक तक उड़ाया जाता है।

मीडिया समय की जरूरत है और मुसलमानों की भी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए आवश्यक है कि योग्य मुसलमान आगे आएं। विशेष रूप से प्रतिभाशाली और पढ़े-लिखे युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए तथा उनकी हौसला-अफजाई की जानी चाहिए। मीडिया में ऐसे ही सक्षम मुस्लिम युवाओं को अवसर मिलना चाहिए जिन्हें धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक और समसामयिक मुद्दों की भी अच्छी समझ हो। मीडिया में मुसलमानों की स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब देश का कोई बड़ा आलिम किसी मुद्दे पर अपनी व्यक्तिगत राय देता है, तो कई मीडिया संस्थान उसे 'फतवा' के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं, जबकि फतवे और व्यक्तिगत राय में जमीन-आसमान का अंतर होता है। किसी भी डिबेट में हंगामा या शोर-शराबा करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यह केवल एक गलत तरीका है। बेहतर यही है कि शालीनता, तर्क और प्रभावी शैली के साथ अपनी बात मीडिया में रखी जाए। जो मुस्लिम संगठन मुसलमानों की भलाई के लिए काम करते हैं और जिनके कई कार्य सराहनीय भी हैं, दुर्भाग्य की बात यह है कि मीडिया के क्षेत्र में उनकी ओर से भी ऐसे आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिनसे यह कहा जा सके कि वे समुदाय की सही तस्वीर पेश करने के लिए मीडिया में गंभीर प्रयास कर रहे हैं। आज स्थिति यह हो गई है कि मुसलमानों के बारे में अनेक गलतफहमियां पैदा कर दी गई हैं, जिनका नुकसान कहीं न कहीं उन्हें उठाना पड़ रहा है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि जब टीवी चैनलों की डिबेट में मुस्लिम मुद्दों पर चर्चा होती है, तो वहां मुसलमानों की सही तस्वीर पेश होने के बजाय उनके बारे में गलत धारणाएं अधिक पैदा होती हैं और फिर वे गलतफहमियां दूर-दूर तक फैल जाती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# बुढ़ापा रोकने की तकनीक बना रहा रूस

## सुअर के अंदर इंसानी अंग उगाने पर काम जारी, 2.47 लाख करोड़ का एंटी एजिंग प्रोजेक्ट

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बढ़ती उम्र और शरीर की कमजोरी को रोकने के लिए 26 अरब डॉलर यानी करीब 2.47 लाख करोड़ रुपए का बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट शुरू किया है। 'न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलाजीज' नाम के इस प्रोग्राम में मिनी-पिग्स (विशेष प्रजाति के सुअर) के अंदर इंसानी अंग उगाने जैसे तकनीकों पर काम किया जाएगा।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुता. बिक, इस प्रोजेक्ट में जीन थेरेपी, लैब में इंसानी अंग तैयार करना और बेहद कम तापमान वाली क्रायोथेरेपी जैसी तकनीकों पर भी काम होगा। रूसी सरकार का दावा है कि इस मिशन का मकसद उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना और दशक के अंत तक करीब 1.75 लाख लोगों की जान बचाना है। रूस के डिप्टी साइंस मिनिस्टर डेनिस सेकिरीनस्की ने अप्रैल में कहा था कि वैज्ञानिक ऐसी जीन थेरेपी तैयार कर रहे हैं,



■ इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है

जो शरीर की कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सके। उन्होंने इसे एंटी-एजिंग की दिशा में सबसे अहम रिसर्च में से एक बताया। इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है। इसमें 3डी प्रिंटर की मदद से जीवित टिश्यू और अंग तैयार किए जाते हैं। रूसी वैज्ञानिकों का दावा है कि वे इंसानी कार्टिलेज और चूहे की थायरायड ग्लैंड तैयार कर चुके हैं। लक्ष्य है कि 2030 तक इंसानी अंगों का पूरी तरह रिप्लेसमेंट किया जा सके। इसके साथ ही रूस जेनिटिकली माडिफाइड मिनी-पिग्स के अंदर इंसानी लिवर, किडनी और दिल को विकसित करने पर भी काम कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे भविष्य में आर्गन ट्रांसप्लांट की कमी दूर हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन काफी समय से क्रायोथेरेपी और पेप्टाइड थेरेपी लेते रहे हैं। रूस के वैज्ञानिक व्लादिमिर खाविंसन पुतिन को बछड़ों के टिशू से बने खास पेप्टाइड्स देते थे। वे पेप्टाइड थेरेपी के जरिए एंटी-एजिंग इलाज का समर्थन करते थे। उनका दावा था कि इंसान 120 साल तक जी सकता है। ऐसा कहा जाता है कि पुतिन खुद को जवान रखने के लिए क्रायोथेरेपी का इस्तेमाल भी करते हैं। इसमें शरीर को करीब माइनस 112 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में कुछ समय रखा जाता है। आस्ट्रिया के पूर्व चांसलर सेबास्टियन कुर्ज ने बताया था कि 2018 में क्रेमलिन की एक बैठक के दौरान पुतिन ने उन्हें इस थेरेपी के फायदे विस्तार से बताए थे। पुतिन खुद को जवान रखने के लिए-112 डिग्री सेल्सियस ठंडे पानी में रहते है। इसे क्रायोथेरेपी या कोल्ड-थेरेपी कहा जाता है। पिछले साल बीजिंग में एक सैन्य परेड के दौरान पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिन. पिंग की बातचीत खूब चर्चा में रही थी। दरअसल वे इंसानी अंग बदलकर जीवन बढ़ाने और इंसानों के 150 साल तक जीने की संभावना पर बात करते सुनाई दिए थे। यह बातचीत एक हॉट-माइक रिकार्डिंग में दर्ज हो गई थी। उस समय इसे दो उम्रदराज नेताओं की सामान्य बातचीत माना गया, लेकिन अब इसे रूस की लंबी उम्र वाली सरकारी योजना से जोड़कर देखा जा रहा है। 73 साल के पुतिन लंबे समय से खुद को ताकतवर और फिट नेता के रूप में पेश करते रहे हैं।

# नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने दिया विवादित बयान

■ कहा: भारत ने नेपाल की जमीन पर जैसे अतिक्रमण किया है, वैसे ही कई जगहों पर नेपाल ने भी भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने रविवार को संसद में एक विवादित बयान देते हुए कहा कि जैसे भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, वैसे ही नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की जमीन पर अतिक्रमण किया है।

द काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी के सीमा विवाद को कूटनीतिक बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। श्रम संस्कृति पार्टी के सांसद आरेन राय के संसद में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे पता चला कि न केवल भारत ने नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण किया है, बल्कि नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की भूमि पर अतिक्रमण किया है। इस मामले पर दोनों पक्षों को एक साथ बैठकर विचार करने की जरूरत है। इसके अलावा, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा के रास्ते भारत और चीन के बीच होने वाले व्यापार पर नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी- लेनिनवादी) की उप-संसदीय दल की नेता पद्मा अर्याल के एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत के जरिए निकाला जाएगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नई धमकी

## कहा: अमेरिका ईरान से बहुत अच्छे समझौते के करीब, नहीं बनी बात, तो अपनाएंगे दूसरा रास्ता



■ हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है: ट्रम्प
■ अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है: वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वाशिंगटन को अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप नतीजा नहीं मिला तो वह इसे दूसरे तरीके से खत्म करेगा।

ट्रम्प ने यह टिप्पणी अपनी बहू लारा ट्रम्प को दिए एक साक्षात्कार में की, जिसका प्रसारण शनिवार रात फाक्स न्यूज पर हुआ। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे सौदे के करीब हैं। अगर आप जल्दबाजी करेंगे, तो आपको अच्छा सौदा नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं-और अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से समाप्त करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि ईरानी अच्छे वार्ताकार हैं, लेकिन उनका दावा था कि इस समय अमेरिका के पास सभी पत्ते हैं, क्योंकि ईरान सैन्य रूप से परा. जित हो चुका है। उन्होंने कहा कि हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है। वरना हम सीधे युद्ध विभाग को लाएंगे, जैसा कि हम इसके नाम को बुलाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, ईरान ने कहा है कि वह परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा। हालांकि, उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वह ऐसा हथियार खरीद ले तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि अब इसमें लिखा है कि हम न तो सैन्य हथियार विकसित करेंगे और न ही किसी भी तरह से खरीदेंगे। यह एक बड़ा अंतर है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका का ईरान पर महत्वपूर्ण दबाव है, क्योंकि उसकी नौसेना और वायुसेना पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की पूरी सैन्य क्षमता को खत्म नहीं किया, क्योंकि वहां के कुछ नेता अपेक्षाकृत नरम रुख वाले हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अधिक कट्टरपंथी तत्वों और प्रमुख नेतृत्व को निशाना बनाया। शुक्रवार को ट्रम्प ने सिचुएशन रूम में अपने कैबिनेट सहयोगियों और सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की, लेकिन भविष्य की रणनीति को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया। इस बीच, अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सिओस की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प ने उस समझौते में कई संशोधनों की मांग की है, जिस पर अमेरिकी और ईरानी प्रति. निधियों के बीच सहमति बनी थी।

## आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का किया दावा

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसने अमेरिका के एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया है। यह जानकारी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह ड्रोन कथित तौर पर ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में दाखिल हुआ था। आईआरजीसी ने कहा कि ड्रोन का तुरंत पता लगा लिया गया और उसे वायु रक्षा मिसाइलों से गिरा दिया गया। इससे पहले आईआरजीसी ने कहा था कि अगर अमेरिका युद्धविराम (सीजफायर) का उल्लंघन करता है, तो उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का 'वैध और निश्चित' अधिकार सुरक्षित है। आईआरजीसी ने दावा किया था कि उसकी वायु रक्षा इकाइयों ने अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन को भी मार गिराया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसने एक लड़ाकू विमान पर फायरिंग की, जो कथित तौर पर ईरानी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ने कहा है कि उसने ईरान पर नए 'आत्मरक्षा संबंधी हमले' किए हैं।






# रूस के ऊर्जा ठिकानों पर यूक्रेन की ड्रोन स्ट्राइक

## परमाणु संयंत्र पर हमले का आरोप किया खारिज रूसी अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की

**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात से रविवार तक रूस के ऊर्जा ठिकानों पर नए हमले किए। रूसी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, कीव ने रूस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने क्रेमलिन के कब्जे वाले एक अहम परमाणु संयंत्र पर हमला किया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने रविवार को टेलीग्राम पर बताया कि ड्रोन के मलबे से एक ईंधन भंडारण केंद्र में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गवर्नर रोमन बुसार्गिन के अनुसार, ड्रोन हमलों से दक्षिण-पश्चिमी रूस के सारातोव प्रांत में नागरिक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। स्वतंत्र रूसी समाचार चौनल एस्ट्रा ने बताया कि क्षेत्रीय राजधानी सारातोव में एक तेल रिफाइनरी में



आग लग गई। यूक्रेन ने हाल के महीनों में रूस की तेल और गैस सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। उसका कहना है कि ऊर्जा क्षेत्र से मिलने वाला धन और संसाधन मास्को के चार साल से अधिक समय से जारी आक्रमण को समर्थन देते हैं। इस बीच, कीव ने रूस के उस आरोप को भी खारिज किया कि एक यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमला किया। यह संयंत्र यूक्रेन और पूरे यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है। युद्ध के शुरुआती हफ्तों में रूसी सेना ने इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। यह दक्षिणी जापोरिज्जिया क्षेत्र में अग्रिम मोर्चे के करीब स्थित है। यह उन चार क्षेत्रों में से एक है, जिन्हें रूस ने औपचारिक रूप से अपने में शामिल करने का दावा किया था। हालांकि उस पर उसका पूरा सैन्य नियंत्रण नहीं है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस दावे को मान्यता नहीं मिली है।

# दुनिया में अमन की गारंटी बना भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए यहां एक कार्यक्रम में उन शांतिरक्षकों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में भारत और आस्ट्रिया के स्थायी मिशन ने यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बलिदान शांति रक्षकों के सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, पर्वतनेनी हरीशने कहा, ये शांतिरक्षक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। इस संबंध में भारत का योगदान अहम है। वह बोले, शांति सैनिकों के अथक प्रयासों से खतरनाक परिस्थितियों में भी दुनिया भर में शांति और स्थिरता बनी रहती है।






# फ्रांस में हिंसक झड़पों के मामले में 400 गिरफ्तार

■ शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**पेरिस।** फ्रांस में फुटबॉल प्रशंसकों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुस्कास एरिना में खेले गए चैंपियंस लीग के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनाल्टी शूटआउट में हरा दिया। इसके बाद शनिवार को देर रात जश्न के दौरान जश्न के दौरान हिंसा भड़क गई।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी पेरिस में बस, ट्रेन और रेल सेवाओं को बाधित करने वाली अशांति को रोकने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। आतिशबाजी और फ्लेयर्स जलाए गए। इस झड़प में कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए। शहर के बीचों-बीच भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। गौरतलब है कि जहां पीएसजी ने लगातार दूसरी खिताब जीती थी, वहीं यह लगातार दूसरा साल भी था, जब फुटबॉल की वजह से हिंसा भड़की। इससे पहले 2025 में फ्रांसीसी टीम की जीत के बाद हुए जश्न ने हिंसक रूप ले लिया था। सोशल मीडिया में प्रसारित तस्वीरों में पेरिस में सड़कों पर इलेक्ट्रिक बाइक जलती हुई और जश्न मनाने वालों को कम से कम एक दुकान के शीशे तोड़ते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि इस अशांति के दौरान छह वाहन, दो दुकानें और एक बस स्टॉप क्षतिग्रस्त हो गए। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि रविवार तड़के 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें पेरिस के 280 लोग शामिल हैं।